RNI.No. — GUJHIN/2012/45192



# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

श्री 1008 महामंडलेश्वर
श्री स्वामी रामानंद दासजी महाराज
श्री रामानंद दास अन्नक्षेत्र सेवा ट्रस्ट, तपोवन आश्रम



स्व. पं. पू.1008 श्री रामानन्द जी
तपोवन मंदिर, मोरा गांव, सूरत

वर्ष-11 अंक:305 ता. 31 मई 2023, बुधवार , कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत ( गुजरात ) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi


## केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर पश्चिम क्षेत्र में होगी पीएम नरेंद्र मोदी की जनसभा

अपनी सरकार के कामों को बताने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पश्चिम क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करेंगे और उनकी यह जनसभा चार जिलों गौतमबुद्ध नगर, मेरठ, सहारनपुर और बुलंदशहर में प्रस्तावित है।

**नोएडा।** केन्द्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा मंगलवार से अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करने के लिए घर-घर संपर्क अभियान शुरू करेगी। अपनी सरकार के कामों को बताने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पश्चिम क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करेंगे और उनकी यह जनसभा चार जिलों गौतमबुद्ध नगर, मेरठ, सहारनपुर और बुलंदशहर में प्रस्तावित है, जिसमें से एक जिले पर राष्ट्रीय संगठन की मोहर लगने के बाद तैयारियां शुरू होंगी। पूरे प्रदेश में 20 जून तक 51 बड़ी जनसभाएं होंगी। इनमें से दो जनसभाओं को प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे और शेष जनसभाएं केन्द्रीय गृहमंत्री, रक्षा मंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केन्द्र के अन्य वरिष्ठ मंत्री संबोधित करेंगे। इसके अतिरिक्त हर




**● पूरे प्रदेश में 20 जून तक 51 बड़ी जनसभाएं होंगी। इनमें से दो जनसभाओं को प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे और शेष जनसभाएं केन्द्रीय गृहमंत्री, रक्षा मंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केन्द्र के अन्य वरिष्ठ मंत्री संबोधित करेंगे।**

लोकसभा क्षेत्र में एक जनसभा आयोजित होगी।

पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने हिन्दुस्तान से हुई वार्ता में बताया कि पश्चिम क्षेत्र में गौतमबुद्धनगर, मेरठ, बुलंदशहर और सहारनपुर में प्रधानमंत्री की रैली का कार्यक्रम संगठन ने प्रस्तावित किया है और इसका प्रस्ताव राष्ट्रीय संगठन को भेजा जा चुका है। शीघ्र ही एक जिले का चयन राष्ट्रीय टीम द्वारा किया जाएगा, जहां पर जनसभा को संबोधित करने के लिए प्रधानमंत्री आएंगे। इसके अलावा केन्द्रीय गृहमंत्री और रक्षामंत्री भी पश्चिम क्षेत्र में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे। यह जनसभा एक जून से लेकर 20 जून तक आयोजित की जाएंगी।

**गौतमबुद्धनगर में आज प्रेसवार्ता :** महासंपर्क अभियान के तहत पहली प्रेसवार्ता गौतमबुद्धनगर जिले में 31 मई को आयोजित की गई है। इसे संबोधित करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता और हिमाचल प्रदेश के सहप्रभारी रहे देवेन्द्र राणा आएंगे। जिलाध्यक्ष विजय भाटी ने इसके संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वह पार्टी के जिला कार्यालय पर सरकार की उपलब्धियों को बताएंगे।

### हाई कोर्ट को शराब घोटाले के सबूतों की चिंता, मनीष सिसोदिया को जमानत से किया इनकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेता को जमानत देने से इनकार कर दिया है। शराब घोटाले में कथित घोटाले को लेकर सीबीआई की ओर से दर्ज केस में सिसोदिया की ओर से दायर याचिका को खारिज किया गया है। कोर्ट ने सिसोदिया की अपील ठुकराते हुए सबूतों की चिंता जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि गवाहों और सबूतों को प्रभावित किए जाने की संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता है। फरवरी से ही जेल में बंद मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार करते हुए जस्टिस दीनेश शर्मा ने कहा कि वह प्रभावशाली स्थिति में हैं और सबूतों से छेड़छाड़ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि अधिकतर गवाह सरकारी नौकरी वाले हैं। जज ने यह भी कहा कि आरोपों की प्रकृति बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा कि गवाहों को प्रभावित करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### चिल्ला एलिवेटेड रोड को जल्द मिल सकती है मंजूरी

**नोएडा।** दिल्ली-नोएडा को जोड़ने वाले चिल्ला रेगुलेटर से महामाया फ्लाईओवर तक बनने वाले एलिवेटेड रोड को मंजूरी यूपी की आगामी कैबिनेट बैठक में मिल सकती है। इसके लिए कैबिनेट नोट तैयार होकर बैठक के लिए पहुंच गया है। पिछली बैठक में एलिवेटेड रोड के लिए व्यय वित्त समिति ने मंजूरी दे दी थी। इसके बनने से फिल्म सिटी रास्ते पर जाम की समस्या खत्म होगी।

## झारखंड में कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के आवास में ईडी का छापा

**रांची।** झारखंड में मंगलवार को सुबह की शुरुआत ईडी के छापे की खबर के साथ हुई। ईडी ने आय से अधिक संपत्ति केस में कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के करीबियों के यहां छापेमारी की। प्रदीप यादव पोड़ैयाहाट विधानसभा सीट से विधायक हैं। बताया जाता है कि आयकर विभाग द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर ईडी यह कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है कि आयकर विभाग ने 4 नवंबर 2022 को कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव और बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की थी। आईटी ने प्रदीप यादव के रांची और गोड्डा स्थित आवास और अनूप सिंह के बेरमो और रांची स्थित सरकारी आवास में छापेमारी की थी। तब कांग्रेस ने इसे केंद्र सरकार व बीजेपी द्वारा डराने की कोशिश के तहत की गई कार्रवाई बताया था। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक ईडी, रांची के कई इलाके में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। ईडी ने पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव के डोरंडा स्थित आवास पर भी छापा मारा। वहीं बरियातू में पूर्व इंजीनियर शिवकुमार सिंह यादव और रातू रोड निवासी नीरज सिंह के यहां भी छापेमारी जारी है।

**नवंबर में प्रदीप यादव के आवास पर पड़ी थी रेड**-बेरमो विधायक अनूप सिंह ने आरोप लगाया था कि बीजेपी ने उन्हें झारखंड की मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार को गिराने की साजिश में शामिल होने का न्योता दिया था। उन्होंने मना कर




दिया इसलिए केंद्रीय एजेंसियों के जरिए धमकाने का प्रयास हो रहा है। वहीं, प्रदीप यादव ने भी इसे बदले की भावना से की गई कार्रवाई करार दिया था। बता दें कि प्रदीप यादव ने 2019 का विधानसभा चुनाव झारखंड विकास मोर्चा की टिकट पर जीता था लेकिन 2020 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे वहीं अनूप सिंह ने अपने पिता राजेंद्र सिंह के निधन से खाली हुई सीट पर उपचुनाव में जीत हासिल किया।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने एक नागरिक को मारी गोली, इलाज के दौरान मौत

### पुलिस ने इलाके में शुरु किया सर्च ऑपरेशन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सोमवार देर शाम आतंकियों ने एक नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी। मरने वाले की पहचान दीपू नाम के शख्स के रूप में हुई है। दीपू जम्मू के उधमपुर का रहने वाला था और अनंतनाग में सर्कस मेले में काम करता था। गोली मारने के बाद आतंकी घटनास्थल से भाग गए। बाद में दीपू को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए इलाके में फोर्स को बढ़ा दिया।

**पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने घटना की निंदा की**-जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा, अनंतनाग में एक निर्दोष नागरिक पर एक



और हमले से गहरा दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ मेरी संवेदना हैं। यह भारत सरकार की नीति के बारे में बहुत कुछ बताता है जो जम्मू-कश्मीर में एक बड़ी विफलता रही है।

**इस साल नागरिकों की हत्या का दूसरा मामला**-इस साल जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा आम नागरिकों को निशाना बनाने का यह पहला मामला नहीं है। फरवरी में आतंकियों ने पुलवामा में एक कश्मीरी पंडित की हत्या कर दी थी। मृतक संजय शर्मा अपने गांव में गार्ड का काम करते थे। सुबह के वक्त वह ड्यूटी से लौट रहे थे। तभी आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी और उनकी मौत हो गई।

**2022 में भी बाहर से आए मजदूरों की हत्या की थी**-पिछले साल नवंबर में उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के रहने वाले दो मजदूरों की शोपियां में आतंकियों ने हत्या कर दी थी। शोपियां के हरमेन में आतंकियों ने ग्रेनेड फेंका था जिसमें मोनीश कुमार और राम सागर नाम के दो मजदूर घायल हो गए थे। घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया था। पिछले साल अगस्त में जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक माइग्रेंट की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बिहार के मधेपुरा के 19 साल के जुलाहा मोहम्मद अमरेज को आतंकियों ने गोली मार दी थी।

## अमृतसर से कटरा जा रही बस गहरी खाई में गिरी, कम-से-कम 10 की मौत



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में एक भीषण हादसा हो गया। अमृतसर से कटरा जा रही बास गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हो गए हैं। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जम्मू डीसी ने यह जानकारी दी है। अभी यह नहीं पता चल पाया है कि कितने लोग घायल हुए हैं। राहत और बचाव का काम चल रहा है। जानकारी के मुताबिक जम्मू जिले के झज्जर कोटली इलाके में बस एक पुल से गिर गई। यह जगह जम्मू से लगभग 35 किलोमीटर और कटरा से लगभग 15 किलोमीटर दूर है।

## आश्रम फ्लाईओवर पर लगी रोक हटी, भारी वाहनों के लिए भी खुला रास्ता

**नई दिल्ली।** आश्रम डीएनडी फ्लाईओवर (विस्तार) को अब भारी वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। हाईटेंशन तारों को हटाने का काम पूरा हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि भारी वाहनों के लिए फ्लाईओवर खोलने से आसपास की दूसरी सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होगा। दिल्ली लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री आतिशी ने कहा कि शहर में आवाजाही को सुगम बनाने के लिए कई योजनाओं पर काम चल रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि आश्रम-डीएनडी फ्लाईओवर के विस्तारित हिस्से पर नीचे लटकते हुए हाईटेंशन तारों को



**● दिल्ली लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने कहा कि शहर में आवाजाही को सुगम बनाने के लिए कई योजनाओं पर काम चल रहा है।**

सुरक्षित स्तर पर उठाए जाने के बाद अब भारी वाहनों के लिए खोल दिया गया है।


पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि इन तारों को सफलतापूर्वक उठाने से अब सभी वाहनों को बिना किसी प्रतिबंध के इस मार्ग का उपयोग करने की अनुमति मिल गई है। आतिशी ने कहा, आश्रम-डीएनडी फ्लाईओवर के विस्तारित हिस्से पर भारी वाहनों की आवाजाही को हाई-टेंशन तारों के आसपास यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एहतियात के तौर पर प्रतिबंधित कर दिया गया था। हालांकि, संबंधित विभाग की सहायता से पीडब्ल्यूडी ने तारों को सफलतापूर्वक हटा दिया है, जिससे सभी वाहन बिना किसी प्रतिबंध के इस महत्वपूर्ण मार्ग का उपयोग कर सकते हैं। इससे पहले, भारी वाहनों को फ्लाईओवर का उपयोग करने से प्रतिबंधित किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप यात्रा में अधिक समय लगता था और वैकल्पिक मार्गों पर भीड़भाड़ होती थी।

दिल्ली की पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि अब प्रतिबंधों को हटाने के साथ वाणिज्यिक और निजी दोनों ही प्रकार के वाहनों के लिए यात्रा में कम समय लगेगा और भीड़ कम होगी। उन्होंने कहा कि सराय काले खां से लाजपत नगर तक के हिस्से का निर्माण भी पांच दिनों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है।

## अचानक क्यों रुक रही युवाओं के दिल की धड़कन, कोरोना से तो नहीं कनेक्शन; दिल्ली एम्स कर रहा रिसर्च

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के बाद युवाओं की अचानक दिल की धड़कन रुकने से मौत के मामले बढ़े हैं। कोई नाचते हुए गिर जाता है तो कोई अन्य काम करते हुए। मौत के इन कारणों का पता लगाने को दिल्ली एम्स ने अध्ययन शुरू किया है। देशभर से उठ रही मांग के बाद यह निर्णय लिया गया है। इसके लिए पोस्टमॉर्टम और अन्य आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जाएगा। हाल ही में सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें लोग अचानक नाचते, खाते और खड़े हुए गिरकर जान गंवा देते हैं। इसके लिए कोरोना के दौरान मरने वाले 45 साल से कम उम्र के लोगों व कोरोना के बाद मरने वाले लोगों पर तुलनात्मक शोध किया जा रहा है। इसके तहत कोरोना के दौरान मरने वाले 250 लोगों की अटोप्सी रिपोर्ट को इसमें शामिल किया जाएगा। वहीं, कोरोना के बाद के करीब 200 मृतकों की अटोप्सी रिपोर्ट कर शोध होगा।

**जांच के लिए 30 मृतकों की अटोप्सी कराई :** शोध में यह भी ध्यान रखा जा रहा है कि मरने से व्यक्ति को पहले एक या दो बार कोरोना संक्रमण हुआ था या नहीं? 45 वर्ष से कम उम्र में मरने वाले अब तक 30 मृतकों की अटोप्सी हो चुकी है। एम्स के फॉरेंसिक मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में शोध शुरू किया गया है



**तीन बातों पर फोकस**

1. पहला मस्तिष्क की रक्त वाहनियों में ब्लॉकेज तो नहीं था, जिसस ब्रेन हेमरेज हुआ हो।
2. फेंफड़े में किसी तरह की परेशानी के कारण सांस लेने में दिक्कत हुई हो।
3. हृदय संबंधित परेशानी, जिससे अचानक दिल ने काम करना बंद कर दिया हो।।

**इनका परीक्षण होगा**

शोध में मृतक के मस्तिष्क, हृदय व फेफड़े का परीक्षण कर यह जानने की कोशिश की जा रही है कि मौत का कारण क्या रहा है।

हाल ही में सामने आए केस

● इंदौर से पुणे जाने वाली बस के कंडक्टर की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

● हिमाचल के सिरमौर जिले के पांवटा साहिब उपमंडल के अंबोया में शादी समारोह में नाचते हुए एक युवक की अचानक मौत हो गई थी।

● छत्तीसगढ़ में भतीजी की शादी में डांस करते-करते एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। बाद में मालूम चला कि हार्ट अटैक आया था।

● उत्तराखंड के हल्द्वानी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय गैबुआ में पढ़ाते समय शिक्षिका की अचानक मौत हो गई थी।

## अतीक और अशरफ हत्या के आरोपितों से फिर पूछताछ होगी

प्रयागराज । माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की हत्या के आरोपितों से फिर पूछताछ होगी। सभी सवालों का प्रमाणिक और संतोषजनक जवाब न मिलने पर नार्को टेस्ट या लाई डिटेक्टर टेस्ट कराने की तैयारी हैं। अभियुक्तों से पूछताछ के लिए न्यायिक आयोग भी आ सकता है। जेल में पूछताछ इस कारण होनी है, कि उन्हें कस्टडी रिमांड पर नहीं लिया जा सकता है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार गौतम की ओर से आरोपितों की कई बार न्यायिक अभिरक्षा बढ़ाई गई है। 15 अप्रैल की रात शूटरों ने काल्विन अस्पताल में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तीनों को मौके से दबोच लिया था। पुलिस पूछताछ में पता चला था कि लवलेश बांदा, सनी सिंह हमीरपुर और अरुण मौर्य कासगंज का रहने वाला है। इसके पास से तुर्किए निर्मित जिगाना, गिरसान और एक कंट्री मेड पिस्टल बरामद हुई थी। एसआईटी ने शूटरों को पांच दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड में लेकर पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि दिल्ली के गोगी गैंग ने सनी को विदेशी पिस्टल रखने के लिए दिया था।लेकिन गोगी की हत्या के बाद पिस्टल लेकर अपने घर भाग निकला। इसके बाद अपना नाम कमाने के लिए अतीक और अशरफ को मौत की नींद सुला दी। हालांकि प्रत्यक्षदर्शी के बयान से कुछ नई जानकारी मिली है, जिसके संबंध में शूटरों से पूछताछ की जानी है।


## घाटी में फिर टारगेट किलिंग, गैर-मुस्लिम मजदूर की गोली मारकर हत्या

### -कश्मीर फ्रीडम फाइटर ने ली हत्या की जिम्मेदारी

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने एक गैर-मुस्लिम मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी। मजदूर की हत्या उस समय हुई जब वह दूध खरीदने के लिए बाजार जा रहा था। पुलिस ने बताया कि मजदूर की पहचान जम्मू क्षेत्र के उधमपुर जिले के दीपू के रूप में की गई है, जो जंगलात मंडी इलाके में एक सर्कस में काम करता था। सर्कस से जुड़े लोगों के पास अपनी सुरक्षा भी थी। मजदूर की हत्या की जिम्मेदारी लश्कर ए तैयबा ने ली है। पुलिस के मुताबिक, दीपू दूध खरीदने के लिए नजदीकी बाजार गया था, तभी मोटरसाइकिल से आए दो युवकों ने रात साढ़े आठ बजे दीपू को करीब से तीन गोलियां मारीं। पुलिस ने बताया कि दीपू को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार स्थिति पर करीबी नजर रख रहे हैं और उन्होंने जिला पुलिस को जल्द से जल्द हत्यारों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान तेज करने का निर्देश दिया है। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक संगठन कश्मीर फ्रीडम फाइटर ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। इस साल जम्मू-कश्मीर में यह तीसरा लक्षित हमला है। आतंकवादियों ने 27 फरवरी को एक कश्मीरी पंडित बैंक गार्ड- 43 वर्षीय संजय कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। संजय कुमार भी पुलवामा जिले में एक दुकान से किराने का सामान खरीद रहे थे। उससे कुछ दिन पहले, जम्मू-कश्मीर के एक पुलिसकर्मी का बेटा एक हमले में घायल हो गया था।

## देश में मुसलमानों से नफरत करने का फैशन बन गया : नसीरुद्दीन शाह

मुंबई । अभिनेता नसीरुद्दीन शाह अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। बेबाक अंदाज से अपनी बात को रखने वाले नसीरुद्दीन शाह फिर से अपने बयान के लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में पढ़े लिखे लोगों के बीच भी मुसलमानों से नफरत करने का फैशन बन गया है। नसीरुद्दीन शाह ने एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें उन्होंने अपनी इस नाराजगी को जाहिर करते हुए बेबाक अंदाज में कहा कि मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत लोगों के दिमाग में चतुराई से भरी जा रही है। नसीरुद्दीन शाह ने हाल ही में कहा कि चल रही फिल्मों में वहीं दिखाया जा रहा है जो आजकल समाज में हो रहा है और ये सब इस्लामोफोबिया1 उन्होंने कहा, बेशक, यह चिंताजनक समय है। इस समय एक धर्म विशेष के खिलाफ देश में प्रोपेगेंडा फैलाया जा रहा है।



फिल्म में वहीं दिख रहा है जो हमारे आसपास हो रहा है। अभिनेता ने कहा कि पढ़े-लिखे लोगों में भी मुसलमानों से नफरत करना आजकल फैशन बन गया है। लोगों ने बहुत चतुराई से ये नैरेटिव सेट किया है। उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा, हम धर्मनिरपेक्ष इस लोकतंत्र की बात करते हैं, तब आप हर चीज में धर्म का परिचय क्यों दे रहे हैं? उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि ये खत्म हो जाएगा, लेकिन यह निश्चित रूप से इस समय अपने चरम पर है।

## रिजर्व बैंक का दो हजार रु. के नोट चलन से वापस लेने का फैसला नक्सलियों को झटका : पुलिस

नागपुर। रिजर्व बैंक द्वारा 2,000 रुपये के नोट चलन से वापस लेने की घोषणा से नक्सलियों को झटका लगा है क्योंकि जबरन वसूली के जरिए एकत्र किया गया धन मुख्य रूप से इसी मूल्य का है। महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह दावा किया। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली जिले में पुलिस सतर्क है क्योंकि नक्सली अपने पास पड़े 2,000 रुपये के नोट बदलने के लिए सक्रिय हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में दो लोगों के पास से पिछले बृहस्पतिवार को छह लाख रुपये मूल्य के



2,000 रुपये के नोट बरामद किए गए थे जो कथित तौर पर एक नक्सली कमांडर के थे। गढ़चिरौली के उप महानिरीक्षक संदीप पाटिल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 2,000 रुपये के नोट वापस लेना नक्सलियों के लिए एक ''झटका'' है क्योंकि उनके द्वारा तेंदू पत्ते के ठेकेदारों और पीडब्ल्यूडी से वसूला गया पैसा मुख्य रूप से इसी मूल्य में है, जिसे जंगलों में विभिन्न स्थानों पर छिपाया गया है। उन्होंने बताया कि गढ़चिरौली पुलिस को खुफिया जानकारी मिली है कि नक्सली उनके पास पड़े 2,000 रुपये के नोट को बदलने के लिए सक्रिय हो गए हैं। गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में चलन से 2,000 रुपये के नोट वापस लेने की घोषणा की है और लोगों से उन्हें बैंकों में जमा करने या 30 सितंबर तक उन्हें बदलने को कहा है।

## अयोध्या के संतों ने अब पॉक्सो अधिनियम में संशोधन की मांग की

लखनऊ। संतों ने अब अयोध्या में यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम में संशोधन की मांग की है। उनका दावा है कि पॉक्सो का दुरुपयोग किया जा रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने कहा कि डब्ल्यूएफआई के प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को पॉक्सो के कारण परेशान किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में बृज भूषण के खिलाफ देश के शीर्ष पहलवानों का लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहा है, जिन पर यौन शोषण का आरोप लगाया गया है। कमल नयन दास ने कहा कि पॉक्सो एक्ट का दुरुपयोग कर निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं, खासकर संतों, महंतों और राजनेताओं पर। संत 5 जून को अयोध्या के राम कथा पार्क में एक रैली में पॉक्सो अधिनियम में संशोधन की मांग करेंगे। पूर्व न्यायाधीश और कानूनी विशेषज्ञ भी रैली में भाग लेंगे। बृजभूषण 5 जून को अयोध्या में जन चेतना रैली कर रहे हैं, इसमें संत हिस्सा लेंगे। इस रैली को बीजेपी सांसद द्वारा शक्ति प्रदर्शन बताया जा रहा है। हनुमान गढ़ी के महंत गौरीशंकर दास ने बृजभूषण द्वारा कुश्ती को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने भाजपा सांसद पर लगे यौन उत्पीड़न के सभी आरोपों को फर्जी भी करार दिया है।

# आम चुनाव में भाजपा के खिलाफ विपक्ष को एकजुट होने में कुछ और समय लगेगा: चिदंबरम



**कोलकाता (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद पी. चिदंबरम ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट होने में थोड़ा समय लगेगा। आम चुनाव की रणनीति के बारे में पूछने पर कांग्रेस नेता ने कहा, 'ज्मेरे विचार से, अगर गैर-बीजेपी विपक्षी दल एक साथ हो जाते हैं, तब संभव है कि 450 सीटों पर हम एक आम उम्मीदवार के साथ भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ सकते हैं। लेकिन यह एक आकांक्षा है। पार्टियां 12 जून को पटना में बैठक कर रही हैं। यह कार्य प्रगति पर है। यह होगा लेकिन इसमें कुछ समय लगेगा।

चिदंबरम ने कहा, गैर-भाजपा दलों के बीच एकजुटता का काम जारी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनका मानना है कि विपक्षी दल 'एक-दूसरे के करीब आ रहे हैं, लेकिन अभी कुछ दूरी तय करनी है।' सूत्रों के मुताबिक 12 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक होने की संभावना है। चिदंबरम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में प्रक्रिया तेज होगी।

साथ ही पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री चिदंबरम ने राज्यों में मजबूती के आधार पर कांग्रेस का समर्थन करने के संबंध में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी के बयान का स्वागत कर कहा कि उन्हें बातचीत शुरू करनी चाहिए। ममता बनर्जी ने कहा था कि 2024 के आम चुनावों के लिए कांग्रेस जहां मजबूत है, वहां कांग्रेस का समर्थन किया जाएगा बदले में कांग्रेस को भी क्षेत्रीय दलों का समर्थन करना होगा। यह पूछने पर कि हाल में संपन्न कर्नाटक चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कांग्रेस की भारी जीत का क्या असर हो सकता है, चिदंबरम ने कहा कि 2024 के चुनावों को लेकर परिणामों की भविष्यवाणी करना 'बहुत जल्दबाजी' होगी, लेकिन उनका मानना है कि इसका 'सकारात्मक प्रभाव' पड़ेगा।

वहीं आम चुनावों से पहले मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र कर चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस को कर्नाटक में शुरू हुई जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए सभी प्रयास करने चाहिए।

## यूपी में बच्चियों के साथ रेप और यौन शोषण के मामले बढ़ने पर हाईकोर्ट चिंतित

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश में मासूम बच्चियों के साथ रेप और यौन शोषण के मामले बढ़ने पर हाईकोर्ट ने चिंता जाहिर की है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अबोध बच्चियों के साथ बढ़ रहे दुष्कर्म के मामलों पर चिंता जताकर कहा कि बहुत सारे मामलों की रिपोर्ट नहीं होती है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि बच्चे इस कुकृत्य से अनभिज्ञ होते हैं और बलात्कारियों का प्रतिरोध करने में भी सक्षम भी नहीं होते हैं। इसके बाद वे दरिंदो के आसान शिकार होते हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि इसतरह के आरोपियों को निर्दयतापूर्वक और कठोरतम सजा दी जानी चाहिए। दरअसल, कोर्ट आगरा की दौकी पुलिस स्टेशन में दर्ज हुए मामले में सुनवाई कर रहा है। यहां पर सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की शिकायत थाने में दी गई थी और इसमें केस दर्ज हुआ है। याची पर सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप हैं। हाईकोर्ट में याची ने कहा कि उस गलत फंसाया गया है, जबकि मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। उधर, सरकारी अधिवक्ता ने जमानत अर्जी का विरोध कर कोर्ट में कहा कि आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं। हालांकि, मामले की गंभीरता को देखकर हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार सिंह ने आरोपी की जमानत खारिज कर दी है।

# आम चुनाव से पहले सॉफ्ट हिंदुत्व के रास्ते पर अखिलेश यादव

### यूपी के कई मंदिरों में हवन पूजन और ट्रेनिंग की योजना




**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव अब भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करने सॉफ्ट हिंदुत्व का रास्ता अपनाने की तैयारी कर रहे हैं। पार्टी ने कई मंदिरों में हवन पूजन और ट्रेनिंग की योजना बनाई है। खास बात है कि बीते चार चुनावों में सपा कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सकी है। सपा की कोशिशों को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से भी जोड़कर देखा जा रहा है। आम चुनाव से पहले सपा ने प्लान हिंदुत्व के पहले चरण के लिए लखीमपुर खीरी जिले के देवकली को चुना है। देवकली का संबंध महाभारत से भी है। मंदिर से सटे कॉलेज परिसर में सपा दो दिनों के ट्रेनिंग कैंप का भी आयोजन करेगी। इसके बाद पार्टी देवकली से करीब 100 किमी दूर नेमीशरण धाम की ओर जाने वाली है। सीतापुर जिले की इस जगह पर सपा दूसरे चरण का ट्रेनिंग कैंप 9 और 10 जून को आयोजित करेगी।

संभावनाएं हैं, अखिलेश सहित सपा के कई वरिष्ठ नेता नेमीशरण में हवन कर सकते हैं। सपा विधायक रामपाल यादव ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित पार्टी के सभी नेता नेमीशरण धाम का दौरा कर ट्रेनिंग कैंप की शुरुआत से पहले हवन करने वाले हैं। चक्रतीर्थ, ललिता देवी मंदिर और व्यास गद्दी में धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। खास बात है कि चार लोकसभा क्षेत्र सीतापुर, धौराहरा, मिशरीख और मोहनलालगंज नेमीशरण धाम के पास हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने नेमीशरण के लिए धार्मिक पर्यटन बनाने की योजना बनाई है।

सपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, बीते साल विधानसभा चुनाव में सपा को मुस्लिम वोट मिल गए थे, लेकिन पार्टी भाजपा को सत्ता से नहीं हटा सकी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में जब सपा और बसपा ने साथ लड़ा, तब पूरे मुस्लिम समुदाय ने गठबंधन को वोट दिया, तब भी हम 80 में से केवल 15 सीटें जीत सके थे। उन्होंने कहा, अब जब अयोध्या में राम मंदिर बना रहा है, तब एक मजबूत हिंदू-मुस्लिम ध्रुविकरण 2024 में विपक्ष की जीत की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके बाद भाजपा को हराने के लिए सपा केवल अल्पसंख्यक मतों पर निर्भर नहीं रहना चाहती और चाहती है कि समाज के सभी वर्ग उसके लिए वोट करें।

## राज्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर ममता सरकार और राज्यपाल के बीच खींचतान

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में राज्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर राजभवन और राज्य सचिवालय के बीच खींचतान होती दिख रही है, क्योंकि ममता सरकार द्वारा सुझाए नामों को अभी तक राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के कार्यालय की ओर से स्वीकृति नहीं मिल सकी है। इसके बजाय, गवर्नर हाउस ने अन्य नाम की मांग की है। इस बीच, राज्य में एक प्रशासनिक संकट पैदा हो गया है, क्योंकि पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त सौरव दास का कार्यकाल सोमवार को समाप्त हो गया।

प्रारंभ में, सचिवालय ने नए राज्य चुनाव आयुक्त के रूप में बंगाल के पूर्व मुख्य सचिव राजीव सिन्हा के नाम की सिफारिश की थी। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल उस एकमात्र सिफारिश के आधार पर हरी झंडी देने के इच्छुक नहीं थे और उन्होंने राज्य से और सिफारिशें मांगी थीं। इसके बाद राज्य सरकार ने उत्तर बंगाल विकास विभाग के वर्तमान अतिरिक्त मुख्य सचिव अजीत रंजन बर्धन की अनुशंसा भेजी थी। दूसरे नाम से भी संतुष्ट नहीं होने पर गवर्नर हाउस ने एक और सिफारिश मांगी है।

हालांकि, नौकरशाही हलकों का मत है कि मामले में कुछ समय के लिए देरी हो सकती है, अंततः गवर्नर हाउस को अनुशंसित लोगों में से किसी एक नाम का चयन करना होगा। एक नौकरशाह ने कहा, राज्य चुनाव आयुक्त के पद के लिए अपनी पसंद पर जोर देने के लिए गवर्नर के लिए ज्यादा प्रावधान नहीं है, जब तक कि राज्य सरकार उस पर सहमत न हो।

## दिल्ली हाईकोर्ट से सिसोदिया को झटका, सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सीबीआई मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका को खारिज किया है। वहीं,इसके पहले सोमवार को ईडी मामले में हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका को खारिज किया था। इसके बाद सिसोदिया ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया जमानत पर दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करने वाले है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली में पिछली शराब नीति के कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सीबीआई मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने सिसोदिया की जमानत खारिज कर कहा कि सिसोदिया शक्तिशाली व्यक्ति हैं, अगर उन्हें जमानत मिलती है, तब वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। अदालत ने सिसोदिया की जमानत खारिज कर कहा कि सिसोदिया शक्तिशाली व्यक्ति हैं, अगर उन्हें जमानत मिलती है, तब वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।



ट्रायल कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर कहा, अदालत मामले की जांच के इस चरण में उन्हें जमानत पर रिहा करने के लिए इच्छुक नहीं है, क्योंकि उनकी रिहाई चल रही जांच पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है और प्रगति को गंभीर रूप से बाधित कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले मंगलवार (23 मई) को राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी घोटाले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत एक जून तक के लिए बढ़ा दी थी। उन्हें आबकारी घोटाले से जुड़े ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया गया था।

# अमेरिका यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे राहुल गांधी

### -स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में भाषण और सांसदों के साथ बैठक शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद राहुल गांधी अमेरिका दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों में शिरकत करने वाले हैं, इसमें कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में भाषण और सांसदों, थिंक टैंक और अन्य लोगों के साथ बैठकें शामिल हैं। कांग्रेस के सूत्र ने कहा कि मंगलवार को राहुल गांधी अमेरिका यात्रा के लिए रवाना हो जाएंगे, एक सप्ताह के दौरे में वह कई कार्यक्रमों में शामिल होने वाले हैं। राहुल गांधी वाशिंगटन डीसी में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे, इसमें भारतीय लोकतंत्र के भविष्य, भाषण की स्वतंत्रता और टिकाऊ और समावेशी आर्थिक विकास पर नेशनल प्रेस क्लब में उनका भाषण शामिल है। वाशिंगटन डीसी में, राहुल गांधी सांसदों और थिंक टैंकों के साथ मिलने और भारतीय-अमेरिकी उद्यमी फ्रैंक इस्लाम और शीर्ष व्यापारिक नेताओं, सीनेटरों और कांग्रेसियों द्वारा आयोजित रात्रिभोज में भी शामिल होने वाले हैं। वाशिंगटन डीसी में कार्यक्रम पूरा करने के बाद, कांग्रेस नेता सैन फ्रांसिस्को जाएंगे, जहां राहुल सिलिकॉन वैली में भारतीय डायस्पोरा, उद्यम पूंजीपतियों, तकनीकी अधिकारियों और छात्रों के साथ बातचीत करने वाले हैं। वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सिलिकॉन वैली के वरिष्ठ प्रौद्योगिकी अधिकारियों के साथ भी बातचीत करने वाले हैं।

सूत्र ने कहा कि राहुल गांधी का कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने का भी कार्यक्रम है और उसी शाम भारतीय समुदाय से मिलने का कार्यक्रम हैं। इसके बाद कांग्रेस नेता न्यूयॉर्क जाएंगे, जहां वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय के हार्वर्ड क्लब में विचारकों के साथ बैठक करने वाले हैं। वह दोपहर के भोजन के कार्यक्रम में भी भाग लेने और रचनात्मक उद्योग में सफल भारतीय अमेरिकियों के समूह से मिलने वाले हैं। 4 जून को राहुल गांधी आईओसी (इंडोन ओवरसीज कांग्रेस) यूएस द्वारा आयोजित न्यूयॉर्क में जेविट्स सेंटर में एक जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। इसके



पहले दिन में, आईओसी के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा, उनकी (राहुल गांधी) यात्रा का उद्देश्य विभिन्न व्यक्तियों, संस्थानों और मीडिया के साथ जुड़ना और नए सिरे से बातचीत शुरू करना है, जिसमें दुनिया भर में स्वतंत्रता, समावेश, स्थिरता, न्याय, शांति और अवसरों पर ध्यान देने के साथ वास्तविक लोकतंत्र के साझा मूल्यों और दृष्टि को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और विदेशों में संख्या में बढ़ रहे भारतीय प्रवासी भी शामिल हैं। इससे पहले मार्च में गांधी ब्रिटेन गए थे और वहां कई कार्यक्रमों में शामिल हुए थे।

# चीन-पाकिस्तान को सीडीएस अनिल चौहान का सख्त संदेश, सीमा पर नहीं बिगड़ने देंगे हालात

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 30 मई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उनसे उत्तरी सीमाओं पर पीएलए की तैनाती के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि उत्तरी सीमाओं पर पीएलए की तैनाती दिन-ब-दिन नहीं बढ़ रही है, यह उसी स्तर पर है, जैसी 2020 में थी। इसलिए एक चुनौती है और सशस्त्र बल हर तरह के कदम उठा रहे हैं ताकि वहां कोई अप्रिय स्थिति नहीं हो। हम 2-देपसांग और डेमचोक को छोड़कर सभी जगहों पर वापस जाने में सफल रहे हैं और बातचीत जारी है।




चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को मणिपुर में चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं, लेकिन उम्मीद जताई कि कुछ समय में चीजें ठीक हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों की स्थिति अब उग्रवाद से संबंधित नहीं है। मणिपुर की स्थिति का काउंटर-इनसर्जेंसी से कोई लेना-देना नहीं है और मुख्य रूप से दो जातियों के बीच टकराव है। यह कानून और व्यवस्था की तरह की स्थिति है और हम राज्य सरकार की मदद कर रहे हैं। हमने बेहतरीन काम किया है और बड़ी संख्या में लोगों की जान बचाई है। मणिपुर में चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं और इसमें कुछ समय लगेगा लेकिन उम्मीद है कि वे शांत हो जाएंगी।

मणिपुर में 3 मई को शुरू हुए जातीय दंगों के बाद से संघर्षों में मरने वालों की संख्या 80 हो गई है। सीडीएस का यह बयान ऐसे समय में आया है जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूर्वोत्तर राज्य में जातीय तनाव को कम करने के उद्देश्य से सोमवार रात मणिपुर पहुंचे, जबकि सुरक्षा बल हिंसा के छिटपुट विस्फोटों को रोकना और अशांत क्षेत्र में कथित रूप से चोरी करने और हथियार जमा करने वाले लोगों को पकड़ना जारी रखा।

## दलित-ओबीसी उम्मीदवार को हरवाना साबित करता है कि सपा की नीति नहीं बदली है : मायावती



लखनऊ (ईएमएस)। बसपा चीफ मायावती ने विधान परिषद की 2 सीटों में सपा को मिली हार पर कहा कि सपा की दलित व ओबीसी विरोधी पार्टी की षडयंत्रकारी नीति थोड़ा भी बदलाव नहीं आया है। बसपा मुखिया मायावती ने ट्वीट में लिखा कि यूपी विधान परिषद की दो सीटों के लिए हुए उपचुनाव में हार निश्चित होने के बावजूद चुनाव में सपा द्वारा दलित व ओबीसी उम्मीदवार को खडा करना हरवाना और इनकी अनदेखी करना साबित करता है कि इन वर्गों के प्रति सपा की षडयंत्रकारी नीति थोड़ी भी नहीं बदली। उन्होंने लिखा कि सपा की सरकारों के दौरान इनकी ऐसी ही संकीर्ण व घृणित राजनीति से दलितों व अन्य पिछड़ा समाज के लोगों का काफी अहित होता रहा है। इसीलिए आगे ऐसे नुकसान से बचने के लिए इन वर्गों के लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। गौरतलब है कि विधान परिषद की दो सीटों के उपचुनाव में सपा को बड़ा झटका लगा है। दोनों ही सीटों पर उम्मीद के मुताबिक भाजपा ने जीत दर्ज कर ली है। भाजपा के मानवेन्द्र सिंह को 280 व पद्मसेन को 279 मत मिले। इसी प्रकार सपा के रामजतन राजभर को 115 व रामकरन निर्मल को 116 मत मिले।

## समलैंगिकता के लिए कई मामलों में मौत की सजा, युगांडा में कानून लागू

कंपाला। युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने एक नए कानून को मंजूरी दी है, जिससे समलैंगिकता के लिए कई मामलों में मौत की सजा भी दी जा सकती है। पूर्वी अफ्रीका के इस देश में कई लोगों ने इस सख्त नए समलैंगिकता विरोधी कानून का समर्थन किया है, लेकिन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और विदेशों में इसकी बड़ी आलोचना की गई है। बहरहाल नए कानून में एलजीबीटीक्यू लोगों को किसी अपराध के दायरे में नहीं रखा गया है, जो कई लोगों के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय रहा है। बहरहाल नया कानून अब भी 'गंभीर समलैंगिकता' के लिए मौत की सजा का प्रावधान करता है। इसमें एचआईवी से संक्रमित लोगों के साथ-साथ नाबालिगों और समाज के दूसरे कमजोर वर्गों के लोगों के साथ यौन संबंध बनाना शामिल है। कानून के मुताबिक 'समलैंगिक संबंध बनाने की कोशिश' करने वाले एक संदिग्ध को 14 साल तक की कैद हो सकती है। इसके पहले राष्ट्रपति ने अप्रैल में नेशनल असेंबली को बिल वापस भेज दिया था। जिसमें बदलाव करके एलजीबीटीक्यू के रूप में पहचान रखने वालों और वास्तव में समलैंगिकता में शामिल होने के बीच अंतर करने के लिए कहा गया था।

## चीन ने अमेरिका का निमंत्रण अस्वीकार किया

बीजिंग। चीन और अमेरिका के रिश्ते बिगड़ते जा रहे हैं। जासूसी गुब्बारे को लेकर दोनों देशों के रिश्तों में आया तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। चीन ने अमेरिका के साथ रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया है। इसी हफ्ते सिंगापुर में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक होनी थी। लेकिन चीन ने इस बैठक में शामिल होने से मना किया है। पेंटागन के अनुसार, चीन ने सिंगापुर में रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन और उनके चीनी समकक्ष ली शांगफू के बीच बैठक के लिए अमेरिकी निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। पेंटागन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने कहा कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) ने अमेरिका को सूचित किया कि उन्होंने इस सप्ताह सिंगापुर में सचिव ऑस्टिन संग रक्षा मंत्री ली शांगफू के मिलने के हमारे शुरुआती निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

## अमेरिका में भारतीय मूल के छात्र की गोली मारकर हत्या

फिलाडेल्फिया। अमेरिका में पेंसिल्वेनिया के फिलाडेल्फिया में 21 वर्षीय भारतीय मूल के छात्र की गोली मारकर हत्या की गई हैं। मृतक छात्र की पहचान जूडे चाको के तौर पर हुई है। अपने काम से वापस लौटते समय कुछ अज्ञात हमलावरों ने जूडे चाको को गोली मार दी। पीड़ित के माता-पिता लगभग 30 साल पहले केरल के कोल्लम जिले से अमेरिका चले गए थे। अंग्रेजी अखबार के अनुसार जूडे चाको एक छात्र था जो पार्ट-टाइम काम भी करता था। लूट के प्रयास के दौरान दो लोगों ने उस पर हमले के साथ लूट का प्रयास किया। वहीं विरोध करने पर बदमाशों ने जूडे चाको को गोली मार दी। गोली लगने से उसकी मौत हो गई। मालूम हो कि इस साल इस तरह की अमेरिका में यह दूसरी घटना है। बता दें कि इसके पहले आंध्र प्रदेश के एक 24 वर्षीय छात्र की 21 अप्रैल, 2023 को एक फ्यूल स्टेशन पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने पीड़ित की पहचान साईश वीरा के रूप में की थी, जो ओहियो के एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। पुलिस ने बताया कि ड्यूटी के दौरान अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी देकर पुलिस ने बताया था कि छात्र अपनी ड्यूटी कर रहा था, तभी अज्ञात हमलावरों ने उस गोली मार दी। इसके बाद उसकी मौत हो गई। वहीं जांच के बाद पुलिस ने संदिग्ध हमलावरों की फोटो भी जारी किया था। इसके अलावा संदिग्ध हमलावरों की फोटो जारी करने के बाद पुलिस ने लोगों से आरोपियों की पहचान के लिए अपील की थी।

## टाइटैनिक जहाज के मलबे से मेगालोडन शार्क के दांतों से बना एक हार खोजा गया

वॉशिंगटन। टाइटैनिक जहाज को डूबे एक सदी से भी अधिक समय बीत चुका है। लेकिन अभी भी लोग जहाज के मलबे से बरामद होने वाली कलाकृतियों पर अचंभित हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, लग्जरी जहाज डूबने के 111 साल बाद टाइटैनिक के मलबे से मेगालोडन शार्क के दांतों से बना एक हार खोजा गया है। कंपनी मैगेलन ने दो पनडुब्बियों की मदद से बर्बाद हो चुके यात्री जहाज का पहला फुल-साइज डिजिटल स्कैन तैयार किया है। डीप-सी मैपिंग फर्म ने एक प्रागैतिहासिक शार्क, मेगालोडन के दांतों के साथ सोने के आभूषणों की तस्वीरें कैद की हैं। मलबे की साइट के आकार को ध्यान में रखते हुए, मैगेलन के सीईओ रिचर्ड पार्किंसन ने इस खोज को आश्चर्यजनक, सुंदर और रोमांचक करार दिया है। उन्होंने कहा, लोगों को नहीं पता है कि टाइटैनिक दो हिस्सों में है और अगले और पिछले हिस्से के बीच मलबा 4 स्क्वायर किमी में फैला हुआ है। यह प्रोजेक्ट इतिहास का सबसे बड़ा अंडरवाटर स्कैन बन गया है। इसमें पानी के नीचे की दुनिया का सटीक 3डी नक्शा तैयार करने के लिए हर एंगल से 7,00,000 तस्वीरें ली गईं। इन्हीं तस्वीरों में से एक तस्वीर में मेगालोडन दांत से बना एक हार दिखाई देता है। विलुप्त शार्क प्रजाति मेगालोडन इतिहास की सबसे बड़ी प्रजातियों में से एक है। अमेरिका और ब्रिटिश सरकार के बीच एक समझौता मलबे से कलाकृतियों को हटाने की अनुमति नहीं देता है, इसकारण टीम को हार को छूने की अनुमति नहीं थी। मैगेलन के अनुसार, नेकलेस के मालिक की पहचान करने के लिए चेहरे की पहचान के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल होगा। कंपनी जहाज डूबने पर उसमें सवार 2200 यात्रियों के परिजनों से संपर्क करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी यात्रियों की फुटेज का भी विश्लेषण करेगी जब वे जहाज पर चढ़े थे, खासकर उनके चेहरों और उनके कपड़ों का। अप्रैल 1912 में एक आइसबर्ग से टकराने के बाद टाइटैनिक साउथेम्प्टन से न्यूयॉर्क तक की अपनी पहली यात्रा के दौरान ही डूब गया था जिसमें 1500 से अधिक यात्रियों की मौत हो गई थी।

## विदेश जाने से रोकने के लिए इमरान का नाम एग्जिट कंट्रोल लिस्ट में डाला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अधिकारियों ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और पूर्व पीएम इमरान खान का नाम 19 करोड़ पाउंड के समझौते के मामले में उन्हें विदेश जाने से रोकने के लिए 'एग्जिट कंट्रोल लिस्ट' (ईसीएल) में डाल दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व प्रधानमंत्री, जिन्हें पिछले साल अविश्वास प्रस्ताव के जरिए पद से हटा दिया गया था, फिलहाल कई मामलों का सामना कर रहे हैं, जिसमें ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी से करोड़ों पाउंड के हस्तांतरण और 19 लाख पाउंड का समझौता मामला भी शामिल है। इस मामले में उनकी पत्नी बुशरा बीबी भी आरोपी हैं। खान को इसी महीने की शुरुआत में इस्लामाबाद हाईकोर्ट परिसर से रेंजर्स द्वारा गिरफ्तार किया गया था। उनकी गिरफ्तार के बाद देशव्यापी हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। सूत्रों के हवाले से कहा कि इमरान का नाम राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी), रावलपिंडी की सिफारिश के अनुसार परिपत्र सारांश के लिए संघीय कैबिनेट की मंजूरी के बाद 'नो-फ्लाई लिस्ट' में डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रथम महिला का नाम ईसीएल पर रखने का फैसला भी लिया गया है और भ्रष्टाचार-रोधी एजेंसी इस संबंध में गृह मंत्रालय को पत्र लिखेगी। गौरतलब है कि संघीय जांच प्राधिकरण (एफआईए) के आदेश के अनुसार 600 से अधिक पीटीआई नेताओं और पूर्व विधानसभा सदस्यों के साथ इमरान खान और बुशरा बीबी के नाम नो-फ्लाई सूची में जोड़े गए हैं। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री ने देश छोड़ने पर रोक लगाए जाने के बाद सरकार को ऐसा करने के लिए धन्यवाद देकर कहा कि उनकी विदेश यात्रा की कोई योजना नहीं है।

## हॉलीवुड में समुद्र तट के पास गोलीबारी में नौ लोग घायल

फ्लोरिडा। यूएसए में फ्लोरिडा के हॉलीवुड में समुद्र तट के पास सोमवार शाम गोलीबारी की घटना में नौ लोग घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता डियाना बेट्टिनेस्की ने बताया कि कई घायलों को बच्चों के अस्पताल ले जाया गया है। प्राधिकारियों ने उनकी आयु के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी है। मेमोरियल हेल्थकेयर सिस्टम की प्रवक्ता यानेट ओबारियो सांचेज ने बताया कि घायलों में 6 वयस्क और 3 बच्चे हैं। सभी घायलों की हालत स्थिर है।

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि 2 समूहों के बीच झगड़े के कारण गोलीबारी हुई। उसने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है और एक अन्य संदिग्ध की तलाश की जा रही है। गोलीबारी की घटना करीब शाम साढ़े बजे हुई।



चीन में सेटेलाईट लांच सेंटर से शेंझोउ लांग मार्च टूएफ रोकेट लांचर दागा गया।

## दुनिया के लिए चुनौती बना पोवासन वायरस

### – टिक के काटने से शख्स की मौत

वाशिंगटन। दुनिया भर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए पोवासन वायरस चुनौती बना हुआ है। टिक्स के काटने से फैलने वाले इस वायरस से होने वाली बीमारी का अभी तक उपाय नहीं खोजा गया है। वहीं इस वायरस के चलते अमेरिका में एक मौत का मामला भी सामने आया है। इसके चलते मेन सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने कहा कि इस दुर्लभ वायरस से एक मौत के बाद स्वास्थ्य अधिकारी लोगों को घातक पोवासन वायरस बीमारी के बारे में सचेत कर रहे हैं, जो टिक से फैलने वाली एक लाइलाज बीमारी है। द इंडिपेंडेंट के अनुसार, अमेरिका में हर साल 25 लोग पोवासन वायरस से संक्रमित होते हैं। पोवासन वायरस आमतौर पर संक्रमित हिरण टिक, ग्राउंडहॉग टिक या गिलहरी की टिक के काटने से मनुष्यों में फैलता है। हालांकि पोवासन के मामले दुर्लभ हैं, लेकिन हाल के वर्षों में अधिक मामले सामने आए हैं। अमेरिका, कनाडा और रूस में इंसानों में पोवासन वायरस के संक्रमण की सूचना मिली है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार, पोवासन वायरस से संक्रमित अधिकांश लोगों में बहुत कम लक्षण नजर आते हैं। जो लोग संक्रिमत होते हैं उनमें लक्षण सामने आने में 1 सप्ताह से 1 महीने तक का समय लग सकता है। शुरुआती लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, उल्टी और कमजोरी शामिल हो सकते हैं। पोवासन वायरस गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है, जिसमें मस्तिष्क का संक्रमण (इंसेफ्लाइटिस) शामिल है। गंभीर बीमारी के लक्षणों में भ्रम, कोऑर्डिनेशन की कमी, बोलने में कठिनाई और दौरे शामिल हैं। गंभीर बीमारियों वाले 10 में से लगभग 1 व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है।

### 26/11 के मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का कब होगा प्रत्यर्पण?

# भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कही ये बात

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने पीएम मोदी की अमेरिका की आगामी यात्रा और पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बीच साझा किए गए सौहार्द पर कहा कि यह हमारे दोनों नेताओं और हमारे देशों के बीच संबंधों को बढ़ाने का एक अवसर होने जा रहा है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेजबानी करने वाले हैं। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा में 22 जून, 2023 को राजकीय रात्रिभोज भी शामिल होगा। बाइडेन ने इससे पहले दिसंबर में अपने पहले राजकीय रात्रिभोज के लिए फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रॉन की मेजबानी की थी।




भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने 26/11 के मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर कहा कि अदालत ने यह आदेश दिया है कि यह प्रत्यर्पण होना चाहिए और यह मेरी अपेक्षा है। अमेरिका की अदालत ने 18 मई को पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की मंजूरी दे दी है। भारतीय अधिकारियों ने तहव्वुर राणा के मुंबई आतंकी हमले में शामिल होने की बात कही थी। इन आरोपों के जरिए मांग थी कि इसे भारत भेजा जाए।

राणा ने शिकागो यूएसए में फर्स्ट वर्ल्ड इमिग्रेशन सर्विसेज नामक एक कंसल्टेंसी फर्म की स्थापना की। यह मुंबई में इस व्यवसाय की एक शाखा थी जिसने हेडली को पाकिस्तानी आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के लिए संभावित लक्ष्यों की पहचान करने और उन पर निगरानी रखने के लिए सही कवर प्रदान किया था।

## इमरान की दिमागी हालत ठीक नहीं, लेते हैं कोकीन, अब्दुल कादिर पटेल के दावे के बाद पूर्व पीएम ने भेजा 10 अरब का मानहानि नोटिस



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान ने मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री अब्दुल कादिर पटेल को 10 अरब रुपये का मानहानि का नोटिस भेजा है। उन्होंने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री की मानसिक स्थिरता संदिग्ध थी। पिछले हफ्ते, सरकार ने इमरान के परीक्षणों की गोपनीय मेडिकल रिपोर्ट साझा की थी, जो कथित तौर पर इस महीने की शुरुआत में हिरासत में रहने के दौरान की गई थी, जिसमें दावा किया गया था कि उसके पैरों में कोई फ्रैक्चर नहीं पाया गया था जबकि उसके मूत्र के नमूने में शराब और एक अवैध दवा पाई गई थी। कराची में एक संवाददाता सम्मेलन में पटेल द्वारा विवरण साझा किया गया था। मंत्री ने पीटीआई प्रमुख की मेडिकल रिपोर्ट को 'सार्वजनिक दस्तावेज' बताया था और कहा था कि उन्हें इसे जारी करने के लिए किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, राजनेताओं और विश्लेषकों ने रिपोर्ट में स्पष्ट विरोधाभासों की ओर इशारा किया था। उनकी मेडिकल रिपोर्ट से पता चला है कि वह शराब और कोकीन की तरह नशीले पदार्थों का सेवन करते हैंजबकि रिपोर्ट में दावा किया गया था कि इमरान की मानसिक स्थिरता संदिग्ध है। पटेल को दिया गया नोटिस, मानहानि अध्यादेश, 2002 की धारा 8 के तहत गलत, निराधार, झूठी, भ्रामक, गलत, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक सूचना प्रसारित करने के लिए भेजा गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को पाकिस्तान के साथ-साथ पूरी दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनलों, यूट्यूब और विभिन्न अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से देखा गया। इसके अलावा, प्रेस कॉन्फ्रेंस के विवरण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किए गए थे।

## अमेरिका के लिए एकमात्र रास्ता द्विदलीय बजट समझौता है: बाइडेन

### – बाइडेन ने संसद से समझौते को पारित करने का आग्रह किया

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि अमेरिका के लिए एकमात्र रास्ता द्विदलीय बजट समझौता है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस (संसद) से समझौते को पारित करने का आग्रह किया। बाइडेन ने द्विदलीय बजट समझौते पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हम एक द्विदलीय बजट समझौते पर पहुंच गए हैं कि हम पूर्ण कांग्रेस में जाने के लिए तैयार हैं और मुझे लगता है कि यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण कदम है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बाइडेन ने कहा कि स्पीकर और मैंने शुरू से ही स्पष्ट कर दिया था कि आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका द्विदलीय समझौता था। वह समझौता अब यूनाइटेड स्टेट्स हाउस और सीनेट के पास जाता है। मैं दृढ़ता से दोनों सदनों से उस समझौते को पारित करने का आग्रह करता हूं। आइए अपने दायित्वों को पूरा करने और दुनिया के इतिहास में सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने के लिए आगे बढ़ते रहें। समझौता उस समझौते का प्रतिनिधित्व करता है, कि किसी को वह सब कुछ नहीं मिला जो वे चाहते हैं, लेकिन यह शासन की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप अमेरिकी लोगों के लिए देखेंगे कि समझौता हमारे देश के इतिहास में पहली बार डिफॉल्ट रूप से सबसे खराब संभावित संकट को रोकता है। यह उन प्रमुख प्राथमिकताओं और उपलब्धियों और मूल्यों की भी रक्षा करता है जो कांग्रेस के डेमोक्रेट्स और मैंने अमेरिका के एजेंडे में निवेश करने के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया है। एक खबर के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और हाउस स्पीकर केविन मैकार्थी कर्ज़ सीमा और कैप संघीय खर्च को बढ़ाने के लिए सैद्धांतिक रूप से समझौते पर पहुंच गए हैं। इससे पहले कि बाइडेन और मैकार्थी अपनी योजना का खुलासा किया। कुछ डेमोक्रेट और रिपब्लिकन ने पहले से ही इसके आकार और दायरे की निंदा करना शुरू कर दिया था।

## कीव पर रुस ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

### –यूक्रेन का दावा– सभी मिसाइलों को मार गिराया गया

**मास्को (एजेंसी)।** रुस ने कल यूक्रेन की राजधानी कीव पर दिनदहाडे बैलिस्टिक मिसाइलें दागी। रूस ने यूक्रेन के प्रमुख ठिकानों को निशाना बनाया। यूक्रेन के चीफ ऑफ स्टाफ वालेरी ज़ालुज़नी के अनुसार, रूसी सेना ने कीव में पूर्वाह्न लगभग 11¬30 बजे 11 बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें दागीं। उन्होंने कहा कि उन सभी को मार गिराया गया और सड़क से शहर के ऊपर नीले आकाश में सफेद धुएं के गुच्छे देखे गए। कीव सैन्य प्रशासन ने कहा कि मार गिरायी गई मिसाइलों का मलबा कीव के मध्य और उत्तरी जिलों में सुबह के दौरान गिरा।

प्रशासन ने कहा कि ये मलबा शहर की सड़क पर यातायात के बीच में गिरा और इससे एक इमारत की छत पर आग भी लग गई। उसने कहा कि इसमें कम से कम एक नागरिक के घायल होने की खबर है। विस्फोटों की वजह से कुछ स्थानीय लोगों में घबराहट उत्पन्न हो गई, जो रात के हमले की वजह से पहले से ही तनाव में थे। पचास वर्षीय महिला अलीना सेफोंतोवा ने अपने कुत्ते के साथ कीव मेट्रो में शरण ली थी। उसने कहा, ''पिछली रात के बाद से सायरन की हर आवाज से मैं घबरा जा रही हूं। मैं बेहद डर गई थी और मेरे शरीर में अभी भी कंपन हो रही है।''केंद्रीय स्टेशन, तेतरलना में आश्रय लिये स्थानीय लोगों की भीड़ थी। विदेश में



कानूनी सेवाएं प्रदान करने वाले चौबीस वर्षीय अर्टेम ज़्याला ने अपना लैपटॉप अपने साथ रखा था और भूमिगत होकर काम करता रहा।

उसने कहा, ''मैंने दो या तीन धमाकों की आवाज़ सुनी, शौचालय गया और फिर मैंने पांच या सात और धमाकों की आवाज़ें सुनीं। तभी मुझे एहसास हुआ कि कुछ भयानक हो रहा है।'' यूक्रेन की वायुसेना के प्रवक्ता यूरी इहनत ने स्थानीय टेलीविजन पर कहा कि रूस ने सुबह के हमले में कम दूरी तक मार करने वाली इस्कंदर मिसाइल का इस्तेमाल किया। इहनत ने कहा कि मिसाइल को कीव के उत्तर से दागा गया था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सोमवार तड़के उसने लंबी दूरी की हवा से दागी जाने वाली मिसाइलों से यूक्रेन के हवाई ठिकानों को निशाना बनाते हुए श्रृंखलाबद्ध हमले किए। इसने दावा किया कि हमलों ने कमान पोस्ट, रडार, विमान और गोला-बारूद के भंडार को नष्ट कर दिया। इसने शहरों या अन्य असैन्य क्षेत्रों को निशाना बनाने के बारे में कुछ नहीं कहा।

यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने चेतावनी देते हुए कहा कि नागरिक क्षेत्रों पर बार-बार हमले युद्ध अपराध के बराबर हैं। उन्होंने ट्वीट किया, शांतिपूर्ण यूक्रेनी शहरों पर रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों को सामान्य के तौर पर नहीं देखा जा सकता।''स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि वहीं रूसी क्रूज मिसाइलों से पूर्वोत्तर खार्किव क्षेत्र के एक गांव पर हमला किया, जिसमें दो नाबालिगों और एक गर्भवती महिला सहित छह लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि पूर्वी निप्रॉपेत्रोस क्षेत्र में हुए हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 वर्षीय एक बच्चे सहित नौ अन्य घायल हो गए।

कीव के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेर्ही पोपको ने कहा कि पिछली रात के दौरान, यूक्रेन के वायु रक्षा ने 40 से अधिक लक्ष्यों को नष्ट कर दिया, जब रूसी सेना ने कीव पर ड्रोन और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था। रूसी गोलाबारी और हवाई हमले ने पूर्वी डोनेत्स्क क्षेत्र के नौ इलाकों को भी निशाना बनाया, जिसमें क्रामतोरस्क शहर भी शामिल है, जिसमें स्थानीय यूक्रेनी सेना मुख्यालय है। यह जानकारी स्थानीय गवर्नर पावलो किरिलेंको ने यूक्रेनी टीवी पर दी। इससे पहले रात के समय शहर को ड्रोन और क्रूज मिसाइल से निशाना बनाया गया था।

# कोई उपग्रह जापानी क्षेत्र में प्रवेश करता है तो उसे मार गिराएं

### –जापान के रक्षा मंत्री यासुकाजु हमादा ने दिए आदेश

**प्योंगयांग (एजेंसी)।** जापान के रक्षा मंत्री यासुकाजु हमादा ने जापान के आत्मरक्षा बल को आदेश दिया है कि यदि कोई उपग्रह जापानी क्षेत्र में प्रवेश करता है तो उसे मार गिराया जाए। देश के तटरक्षक बल के अनुसार, उत्तर कोरिया के जलमार्ग अधिकारियों से मिले नोटिस में कहा गया कि प्रक्षेपण 31 मई से 11 जून के बीच किया जा सकता है।

बता दें कि उत्तर कोरिया ने पड़ोसी देश जापान को सूचित किया कि वह आने वाले दिनों में एक उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है। यह प्योंगयांग के पहले सैन्य टोही उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने का प्रयास हो सकता है। प्रक्षेपण से पीत सागर, पूर्वी चीन सागर और फिलीपीन के लुजोन द्वीप के पूर्व में समुद्री क्षेत्र प्रभावित हो सकता है। जापान के तटरक्षकों ने मलबा गिरने से संभावित जोखिमों के कारण उक्त तारीखों पर क्षेत्र में पोतों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है। देश का तटरक्षक बल पूर्वी एशिया में समुद्री सुरक्षा सूचना का समन्वय करता है और उसे आगे भेजता है, इसी कारण उत्तर कोरिया ने यह नोटिस उसे भेजा है। उपग्रह को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के लिए, उत्तर कोरिया को लंबी दूरी की मिसाइल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करना होगा, जिस पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों द्वारा प्रतिबंध लगाए गए हैं।

जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने बताया कि प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का उल्लंघन होगा और यह ''जापान, क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की शांति व सुरक्षा के लिए खतरा'' है। दक्षिण कोरिया ने कल चेतावनी दी कि उत्तर कोरिया यदि संयुक्त राष्ट्र के उन प्रस्तावों का उल्लंघन करता है, जिनके तहत उस पर बैलिस्टिक प्रौद्योगिकी इस्तेमाल कर प्रक्षेपण करने संबंधी प्रतिबंध है, तो उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे। दक्षिण कोरिया ने एक बयान में कहा, ''हमारी सरकार उत्तर कोरिया को क्षेत्र में शांति के लिए खतरा पैदा कर सकने वाले उकसावे के खिलाफ कड़ी चेतावनी देती है और उससे अपनी अवैध प्रक्षेपण योजना को तुरंत वापस लेने का आग्रह करती है।''इस महीने की शुरुआत में, उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने खबर दी थी कि देश के नेता किम जोंग-उन ने अपने देश के एयरोस्पेस केंद्र में तैयार एक सैन्य जासूसी उपग्रह का निरीक्षण किया और उपग्रह से जुड़ी प्रक्षेपण योजना को मंजूरी दे दी। सोमवार को जारी प्रक्षेपण संबंधी नोटिस में यह नहीं बताया गया कि किस प्रकार के उपग्रह का प्रक्षेपण किया जाएगा।



उत्तर कोरिया की घोषणा के बाद उसके मुख्य सहयोगी चीन ने बातचीत के जरिए राजनीतिक समाधान का आह्वान किया। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कल संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''कोरियाई प्रायद्वीप में आज जैसी स्थिति है, उसके पीछे वजह है। हम आशा करते हैं कि सभी संबंधित पक्ष इस मुद्दे पर गहनता से विचार करेंगे और एक राजनीतिक समाधान के लिए प्रयास करेंगे। इसके साथ, संतुलित तरीके से सार्थक बातचीत के माध्यम से एक-दूसरे की जायज चिंताओं को दूर करेंगे। कल टेलीफोन पर बातचीत में, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के प्रमुख परमाणु दूतों ने उत्तर कोरियाई उपग्रह प्रक्षेपण के लिए एकजुट, दृढ़ अंतरराष्ट्रीय जवाब को लेकर सहयोग करने पर सहमत हुए।

संपादकीय

# मृत्यु

बाईमाँ स्व:मैना देवी छाजेड़ को 10 वें स्मृति दिवस पर मेरा भावों से शत - शत नमन । जन्म लिया है तो मृत्यु निश्चित है । हम अपनेकर्मों के हिसाब से भव - भ्रमण करते हैं और अपना आयुष्य जन्म लेकर पूर्ण करते हैं । आयुष्य का समय कर्म के ऊपर निर्भर करता है ।यह समय वर्तमान में हमको वितराग अवस्था को प्राप्त भगवान के मुख से मालूम हो सकता हैं । वर्तमान में भरत क्षेत्र में केवली है नही वहतो महाविदेह क्षेत्र में है जहाँ पहुँच पाना सम्भव नहीं हैं । हमारे पास ऐसी ऋद्धि , लब्धि आदि भी नहीं हैं की हम वहाँ जाकर पूछ करवापिस भरत क्षेत्र में आ जाये । जड़ और चेतन का योग ही बनता है है जीवन और मरण का संयोग । आत्मा और शरीर का अलगाव पैदाकरता है संयोग और वियोग के भाव ।जब जीना व मरना छूटेगा तभी संबंधों का अलगाव टूटेगा । तभी तो हमें अमरत्व प्राप्त होगा औरतभी मुक्ति का मार्ग हमारे लिए पर्याप्त होगा । सभी जानते हैं कि यह शरीर नश्वर है और आत्मा अमर है ।हर आत्मा अपना समय पूर्णहोने पर इस संसार के रिश्ते-नाते यहिं समाप्त करके अपने किये गये क़रमों के अनुसार अगला रूप धारण करती है। पर आज का यहगूढ़ प्रश्न हैं कि इंसान मृत्यु से पूर्व जो जीवन जी रहा है उसके बारे में कोई सही चिंतन करता है क्या ? मुझे लगता है कि अधिकांश लोगइस जन्म की व्यवसथा और अपने परिवार वालों के भावी जीवन की चिंता में अपना पूरा जीवन समाप्त कर देते हैं ।इंसान सब कुछ जानतेहुये भी अनजान बना रहता है कि कौन से ग़लत क़ार्य करने से पाप के क़र्म बंधते हैं और कौन से नेक क़ार्य करने से पुण्य करम अर्जितहोते हैं ।जब हमने इस संसार में जन्म लिया है तो इस बात का हर समय स्मरण रहे कि मुझे मनुष्य जन्म मिला है ।मुझे अपना यह जीवनसात्विकता के साथ जीना है और जानते हुये कोई ऐसा ग़लत क़ार्य नहीं करना जिससे पाप के करमों का बंधन हो। हमें मालूम है किदुनिया से विदा होते ही हमारे इस्तेमाल किए हुए सामान भी बाहर कर दिए जाते हैं। परन्तु आध्यात्मिकता की जिंदगी जिए तो कोई भीइसे बाहर नहीं कर सकता क्योंकि यह जाने वाले के साथ ही जाती है ।हम कोई भी खुशी मनाते हैं मालूम होते हुए भी कि अपनी जिंदगीके क्षण - क्षण कम हो रहे हैं तो फिर मृत्यु नजदीक आती है तो दुख क्यों मनाते हैं । क्योंकि हम बड़े तो होना चाहते हैं सांसारिक सुखभोगना चाहते हैं पर मृत्यु नहीं चाहते या मृत्यु के क्षण को हम पचा नहीं पाते हैं जबकि मृत्यु तो शाश्वत है पता नहीं किस रूप में कब, कहां आ जाए आदि ।शरीर तो नश्वर है फिर इतनी मोह माया क्यों ? जीवन का सदुपयोग करते हुए तन से, मन से, धन से जहां तक होसके जरूरतमंद की मदद करें तो जीवन की व सही ख़ुशी की सार्थकता है । एक प्रसंग 8 वर्ष पूर्व मेरी माँ समान बड़ी ममी बाईमाँ जिसकेमन में ममता अपनापन आदि की विशालता का समन्दर था जो 15 मई 2014 के आसपास सर्दी - जुकाम आदि होते हुए मेहन्दी दोनोंहाथ में लगवा अपनी बहन के पास बेलगाँव में पूरे पिहर परिवार के एकत्रित होने की ख़ुशी जाने को तैयार थी । मुझे जाने से पहले बोलीकी प्रदीप मैंने सब दवाई साथ में रख ली है जो मुझे अरविन्द ने किशनगढ़ से भेजी है । बोलते - बोलते ख़ुशी उनके बेलगाँव जाने कीआँखों में मैं महसूस कर रहा था ।



प्रदीप छाजेड़
( बोरावड़ )

## आज का राशीफल

**मेष** व्यावसायिक समस्या सुलझाने में आप सफल होंगे। रक्तचाप या हृदय रोगी स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। टकराव की स्थिति आपके हित में न होगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं।

**वृषभ** पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। आपके प्रभाव तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**मिथुन** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

**कर्क** राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। खानपान में संयम रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। व्यर्थ के तनाव मिलेंगे

**सिंह** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। पारिवारिक जनों से तनाव मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

**कन्या** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। धन लाभ होगा। रुपए पैसे के लेन देन में सावधानी रखें। वाणी की सौम्यता आवश्यक है। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। व्यावसायिक क्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप होगा। धन हानि की संभावना है।

**वृश्चिक** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। विरोधियों का पराभव होगा।

**धनु** आर्थिक योजना सफल होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। जारी प्रयास सार्थक होगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

**मकर** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रोजी रोजगार की दिशा में प्रगति होगी। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। मकान, सम्पत्ति व वाहन की दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा।

**कुम्भ** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। पारिवारिक जनों से तनाव मिलेगा। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें।

**मीन** व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# धीमे-धीमे दम घोंटता है धूम्रपान

(लेखिका- श्वेता गोयल/ अंतर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस (31 मई) पर विशेष




बचपन से ही हम पढ़ते-सुनते आए हैं कि धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और शरीर में कैंसर तथा कई अन्य बीमारियों को जन्म देता है लेकिन यह जानने-समझने के बाद भी जब हम अपने आसपास किशोरवय बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति काफी चिंताजनक प्रतीत होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद ऐसे व्यक्ति समझना ही नहीं चाहते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत नहीं पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली हनुमान की भांति समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है। धूम्रपान शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है। तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 31 मई को 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' मनाया जाता है।

> एक ओर जहां विकासशील देशों में धूम्रपान का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है, वहीं अमेरिका सरीखे कुछ विकसित देशों में धूम्रपान के प्रचलन में तेजी से गिरावट आई है। 1965 में अमेरिका की 42 फीसदी आबादी धूम्रपान की आदी थी जबकि 1991 में यह संख्या घटकर 26 फीसदी रह गई और पिछले डेढ़ दशक में तो वहां धूम्रपान करने वालों की संख्या में और भी तेजी से गिरावट आई है। गहराई में जाने पर पता चलता है कि अमेरिका में सिगरेट की खपत में लगातार कमी आने की वजह से अमेरिका की सिगरेट कम्पनियों ने अपने घाटे की पूर्ति के लिए अपने उत्पादों को भारत तथा अन्य विकासशील देशों में खपाने की योजना बनाई और उसे इस कार्य में सफलता भी मिली।

एक ओर जहां विकासशील देशों में धूम्रपान का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है, वहीं अमेरिका सरीखे कुछ विकसित देशों में धूम्रपान के प्रचलन में तेजी से गिरावट आई है। 1965 में अमेरिका की 42 फीसदी आबादी धूम्रपान की आदी थी जबकि 1991 में यह संख्या घटकर 26 फीसदी रह गई और पिछले डेढ़ दशक में तो वहां धूम्रपान करने वालों की संख्या में और भी तेजी से गिरावट आई है। गहराई में जाने पर पता चलता है कि अमेरिका में सिगरेट की खपत में लगातार कमी आने की वजह से अमेरिका की सिगरेट कम्पनियों ने अपने घाटे की पूर्ति के लिए अपने उत्पादों को भारत तथा अन्य विकासशील देशों में खपाने की योजना बनाई और उसे इस कार्य में सफलता भी मिली। भारत में प्रतिदिन धूम्रपान से मरने वालों की संख्या सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मुकाबले 20 गुना है जबकि एड्स से देश में जितनी मौतें 10 वर्ष में होती हैं, उतनी मौतें धूम्रपान की वजह से मात्र एक सप्ताह में ही हो जाती हैं। एक जानकारी के अनुसार देश में प्रतिदिन 3000 से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु तम्बाकू जनित बीमारियों के कारण होती है, जिनमें 10 फीसदी व्यक्ति ऐसे होते हैं, जो स्वयं तो धूम्रपान नहीं करते लेकिन पैसिव स्मोकिंग करते हैं यानी धूम्रपान करने वालों के निकट होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन मरने वाले करीब 11000 लोगों में से लगभग 8000 व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मरते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो आगामी एक-दो वर्षों तक ही धूम्रपान की वजह से 50 करोड़ से भी ज्यादा लोग मारे जा चुके होंगे और अगले 30 वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या प्रतिवर्ष 10 लाख से बढ़कर 70 लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है प्रतिवर्ष विश्वभर में 8000 से अधिक नवजात शिशु धूम्रपान के कारण असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान करने वालों को धूम्रपान न करने वालों की अपेक्षा फेफड़ों का कैसर होने की संभावना 15 गुना अधिक होती है।

वरिष्ठ पत्रकार योगेश कुमार गोयल की नशे के दुष्प्रभावों पर छपी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में बताया गया है, ''सिगरेट के धुएं में करीब 4000 घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जिनमें पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि प्रमुख हैं, जो मानव शरीर पर तरह-तरह से दुष्प्रभाव डालते हैं। धूम्रपान से हृदय रोग, लकवा, हर प्रकार का कैंसर, मोतियाबिंद, नपुंसकता, बांझपन, पेट का अल्सर, एसीडिटी, दमा, ब्रोंकाइटिस, मिरगी, मेनिया, स्कीजोफेनिया जैसे घातक रोगों का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। धूम्रपान से मोतियाबिंद का खतरा बन जाता है और आंख की रेटीना प्रभावित होने लगती है, जिससे नेत्रज्योति कम होती जाती है। 'मौत को खुला निमंत्रण' पुस्तक के मुताबिक गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। एक अध्ययन के अनुसार प्रतिदिन 20 सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य से 20 प्रतिशत बढ़ जाती है जबकि 20 से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा 35 प्रतिशत तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका 30 प्रतिशत बढ़ जाती है।

विश्वभर में करीब सवा अरब लोग धूम्रपान के आदी हैं, जो कुल मिलाकर प्रतिवर्ष लगभग 61 खरब सिगरेटें पी जाते हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में 41 फीसदी पुरूष और 21 फीसदी स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ 8 फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या 50 फीसदी से भी अधिक है। भारत में तम्बाकू का सेवन करने वालों का सर्वेक्षण करने वाली संस्था 'टोबेको इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया' के अनुसार हमारे यहां लोग हर साल करीब 950 करोड़ सिगरेटें पी जाते हैं, जिसकी औसतन कीमत 2000 करोड़ रुपये से भी अधिक मानी गई है। हालांकि सिगरेटें महंगी होने के कारण भारत में बीड़ी का प्रचलन निम्न तथा मध्यमवर्गीय तबके में ज्यादा है और ऐसा अनुमान है कि देश में प्रतिवर्ष सौ अरब रुपये मूल्य से भी अधिक की बीड़ियों का सेवन किया जाता है।

जहां तक हमारे यहां सिगरेट के पैकेटों पर लिखी वैधानिक चेतावनी का सवाल है तो यह कितनी असरकारक है, इससे कोई अपरिचत नहीं है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार प्रतिदिन एक पैकेट सिगरेट पीने वाला व्यक्ति अपने जीवन के 8 दिन कम कर लेता है, इसलिए सिगरेट के पैकेटों से वर्तमान वैधानिक चेतावनी को हटाकर यह लिख दिया जाना चाहिए कि इस पैकेट के उपयोग से आपके जीवन के 8 दिन कम हो जाएंगे। बहरहाल, तमाम स्वास्थ्य विशेषज्ञों और शोधों का एक स्वर में यही कहना है कि धूम्रपान एक अत्यंत धीमा किन्तु प्राणघातक विष है, इसलिए स्वयं तो धूम्रपान से बचें ही, धूम्रपान के आदी लोगों को भी इस लत को छोड़ने के लिए प्रेरित करें।

(लेखिका शिक्षिका हैं)

# नशें की अंधी गलियों में भटकती देश की युवा पीढ़ी जिम्मेवार कौन?

(लेखक-नरेन्द्र भारत/ 31 मई 2023 विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर विशेष)

बेशक 31 मई 2023 को विश्व धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस औपचारिकता भर ही रह गए है ।औपचारिकता मत निभाईए ।धरातल की सच्चाईयां बेहद खौफनाक होती जा रही हैं ।प्रतिवर्ष लाखों लोग व युवा बच्चे नशें के कारण अकाल मौत मर रहे है ।युवा देश की धरोहर है। युवा अनमोल पूंजी है। प्रतिवर्ष ऐसे दिवसों पर लाखों रुपया खर्च किया जाता है। समूचे विश्व में केवल मात्र एक दिन सैमिनार व गोष्ठीयां की जाती हैं,रैलियां निकाली जाती हैं ।विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर एक संकल्प लेना होगा ।युवा पीढ़ी नशें की गुलाम हो चुकी है। नशें की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना हर भारतीय का नैतिक कर्तव्य है ।देश में हर साल लाखों युवा नशें के कारण असमय ही मौत के आगोष में समाते जा रहे है। नशें की सब कुछ मान बैठी है ।आज छोटे-छोटे बच्चे नशें के आदी हो चुके है ।अभी उनके दूध के दांत भी नही। टूटे है कि मगर ऐसे नशें करते है कि रुह कापती है ।हर साल लाखों लोग नशें के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे है। आजकज चिटटे का नशा किया जा रहा है ।देश के हर राज्य मे यह नशा किया जा रहा है ।हर रोज चिटटे व हैरोइन के अवैध कारोबार करने वालों कों पकड़ा जा रहा है ।नशा आज एक फैषन बन चुका है ।नशें के कारण आज कई घरों के चिराग बूझ गए तो कुछ जेलों में चक्की पीस रहें है ।जेलों में सड़ रहे है ।अक्सर देखा गया है कि उच्च घरानों के युवा मंहगें नशें कर रहे है ।नशें के बिना रह नहीं सकते ।जिंदगियां दाव पर लगा चुके है ।जिंदा लाषें बनते जा रहे है ।लाईलाज बीमारियों से ग्रस्त होते जा रहे है ।आज लाखों युवा नशें के कारण मर चुके है ।नशें की दलदल में धसतें जा रहे है ।इस दलदल से निकला बहुत ही मुश्किल है ।आज मां-बाप दुखी है कि उनके चिराग नशें की गिरफत में आते जा रहे है ।आज नशें के सौदागर युवाओं के भविश्य खराब करते जा रहे है ।अगर युवा ही नशें का प्रयोग करेगा तो आने वाला कल अंधकारमय ही होगा ।युवा के कंधों पर देश टिका है मगर यह कंधें थक चुके है ।नसों में नशा भर चुका है ।जवान काया शिथिल होती जा रही है ।नशें के कारण सड़क हादसों में हर साल लाखों युवस बेमौत मारे जा रहे है ।सरकारों को राजस्व प्राप्त होता है ।सरकारों को देश के कर्णधारों की कोई फिक्र नहीं हैं ।राजस्व से ही खजाना भरा जा रहा है ।युवा मर रहे है ।चंद मिन्टों के मजे के लिए अनमोल जीवन बरबाद कर रहे है ।युवतियां भी नशे की दलदल में फंस चुकी है ।समाचार पत्रों में डरावने समाचरों से पता चलता है कि आज लड़कियां भी चार कदम आगे जा चुकी है ।सिगरेट व अन्य चरस जैसे नशें शरीर के अंगों को प्रभवित करती है ।कैंसर व तपेदिक व गले के कैसर से मौतों का आंकड़ा हर साल बढ़ता ही जा रहा है ।अगर इन नशें को नहीं रोका तो आने वाले सालों में भयावह परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। नशा समाज के लिए नासूर बन गया है ।नशें को मिटाने की कसम लेनी होगी। आज नशें के कारण इकलौते बच्चे मारें जा रहे है। नशें के लिए पैसा न मिलने के लिए मां-बाप को मौत के घाट उतारा जा रहा है। सामने मर रहे है ।अगर सरकारों ने अभी भी कुभंकरणी नींद न तोड़ी तो



फिर सब कुछ लुट जाएगा। नशे के कारण अपराधों में इजाफा हो रहा है ।समाज को इस बुराई पर मंथन करना होगा ताकि चिरागों को बचाया जा सके ।तम्बाकू उत्पादों पर रोक लगानी होगी ।अगर सरकारें चाहे तो क्या नहीं कर सकती ।राजस्व के लिए और भी साधन है ।ऐसा राजस्व किस काम जो युवाओं की मौत से प्राप्त हो रहा है ।युवाओं की बलि ली जा रही है ।नशें का कारोबार करने वालों पर दंडात्मक कारवाई करनी होगी ।स्कूलों व कोलेजों के सौ मीटर के दायरे में धूम्रपान बेचने वालों को सजा दी जाए जो चंद चांदी के सिक्कों की कमाई के लिए युवाओं का जीवन लील रहे है ।लावारिस लाषें मिल रहीं है ।युवाओं को बचाना हमारी जिम्मेवारी है। नशें के कारण दंगें व फसाद होतें जा रहे है ।नशें में अंधा होकर दुश्कर्म किए जा रहे है ।समाज में एक कमेटी गठित करनी होगी तभी यह नशा बंद हो सकता है ।नशा करने वालों को समाज से बहिश्कृत किया जाए उनका हुक्का पानी बंद किया जाए ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके और युवाओं का जीवन बचाया जा सके ।सामाजिक संस्थाओं को नशें के खिलाफ अभियान चलाने होगें ।युवा ही देश को आगे ले जा सकते है ।समय अभी संभलने का है ।समाज को नशें के विरुद्ध आवाज उठानी होगी ।ताकि युवाओं का भविश्य संवर सके। अगर समाज अब भी नहीं जागा तो युवा नशें की दलदल में धंसता जाएगा ।समाज से इस बुराई को जड़ से मिटाना होगा ।केन्द्र सरकार को नशें को बंद करने के लिए कानून बनाना चाहिएं ।हर राज्यों की सहभगिता हो तो नशें पर लगाम लग सकती है ।देश में नशा मुक्ती केन्द्र खोलने चाहिए ताकि युवाओं की काउंसलिग की जा सके ।सरकार को बिना समय गंवाए इस पर रोक लगानी होगी ताकि युवाओं की पीढ़ियां बचाई जा सके। देश की आने वाली पीढ़ीओं को नशें को त्यागना होगा ।जीवन को मत गंवाओ जीवन एक बार ही मिलता है। नशें का खात्मा करना होगा ।तभी ऐसे दिवसों की सार्थकता होगी ।यह देशहित में है।

# महाकाल लोक की मूर्तियां खंडित होने पर, शगुन या अपशगुन

(लेखक- सनत जैन)

मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकाल लोक परिसर का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से 7 माह पहले हुआ था। उज्जैन का महाकाल लोक परिसर सारे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। 800 करोड़ रुपए की लागत से इस परिसर का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है। उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर में महाकाल लोक का निर्माण किया गया है। उसमें सप्त ऋषि सहित लगभग 127 मूर्तियां लगाई जाना है। सप्त ऋषियों की जो 7 मूर्तियां लगाई गई थी। वह फाइबर रेनफ़ोर्स प्लास्टिक से निर्मित की गई थी। प्लास्टिक से बनी हुई मूर्तियों का विरोध उस समय भी हुआ था। जब इन मूर्तियों को लगाया जा रहा था। सनातन धार्मिक की आस्थाओं के अनुसार मूर्तियों का निर्माण हमेशा पत्थरों से या धातुओं के मिश्रण से ही होता है। लेकिन जिला प्रशासन ने धार्मिक आस्थाओं की अनदेखी और आपत्ति पर ध्यान नहीं दिया। धार्मिक आस्थाओं का अपमान किया। जिसके कारण भगवान शिव की नाराजी के रूप में भी इसे देखा जा रहा है। मामूली आंधी आने के कारण 7 में से 6 मूर्तियां खंडित हो गई। कुछ मूर्तियों के सिर उनके शरीर से अलग हो गए। कई मूर्तियां अन्य तरीके से खंडित हो गई। महाकाल लोक परिसर के निर्माण में जिस तरह की धार्मिक आस्थाओं को नजरअंदाज करते हुए मनमाने तरीके से भ्रष्टाचार किया गया। महालोक परिसर के निर्माण में करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है। इसकी शिकायत लोकायुक्त को की गई है, जिसकी जांच अभी भी चल रही है। पौराणिक ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों को जिस तरह से धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करके कमाई का जरिया बनाया जा रहा है। पर्यटन के कारण धार्मिक पवित्रता भी खत्म हो रही है। धार्मिक स्थलों का उपयोग राजनीतिक हितों के लिए बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। अब आम जनता में भी इसकी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। हाल ही में 2 घटनाएं हुई हैं। जिसे लोग अब शगुन और अपशगुन से जोड़ने लगे हैं। कर्नाटक में बजरंग दल को बजरंगबली के समकक्ष बना दिए जाने से बजरंगबली की नाराजी कर्नाटक चुनाव में देखने को मिली है। लोगों की ऐसी धारणा बनने लगी है। कुछ इसी तरह की प्रतिक्रिया उज्जैन के महाकाल मंदिर के महाकाल लोक परिसर की मूर्तियों के खंडित हो जाने को लेकर, आमजन के बीच में धारणा बनने लगी है, कि धार्मिक मान्यताओं का अनादर करने पर भगवान कुपित होते हैं। उसका दंड भोगना ही पड़ता है। महाकाल लोक परिसर की मूर्तियां खंडित होने के बाद शिव की नगरी उज्जैन में कहा जा रहा है, रावण ने सीता मैया का अपहरण साधु के वेश में किया था ।जब राम के हाथों रावण का वध हुआ। उस समय रावण ने भगवान शिव से पूछा था, कि भगवान आपने मेरी रक्षा का वचन दिया था। लेकिन आपने रक्षा नहीं की। इस पर भगवान शिव ने अपने सबसे बड़े भक्त रावण को यही कहा था, राक्षस के रूप में तुम जो भी कर रहे थे। उसमें तुम्हारी रक्षा कर रहा था। लेकिन साधु के वेश



में सीता का अपहरण किया था। तुम्हारा वह अपराध अक्षम्य था। जिसके कारण में तुम्हारी रक्षा नहीं कर सका। उज्जैन महाकाल की नगरी है। मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव कुछ ही महीनों में होना है। जिस तरह से धर्म की आड़ में सियासत की जा रही है ।धार्मिक मान्यताओं और आस्थाओं की अनदेखी की जा रही है ।उससे जनमानस यह मानकर चल रहा है, कि अब भगवान कुपित हो रहे हैं। अपशगुन के रूप में आई आंधी ने चेतावनी भी दे दी है। समझ जायें तो ठीक है। अन्यथा कर्म का फल तो भोगना ही होगा। राजा के किए गए कर्मों का फल प्रजा को भी भोगना पड़ता है। इसको लेकर अब प्रजा में भय व्याप्त हो रहा है।



खूबसूरत दिखना हर कोई चाहता है। लोगों की यही चाहत ऐसे बहुत से रोजगार पैदा कर जाती है, जिसकी आमतौर पर सामान्य छात्र कल्पना नहीं करता। कॉस्मेटोलॉजी ऐसा ही क्षेत्र है। इसमें अनेक शाखाएं हैं, जहां भविष्य की संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। आप हेयर स्टाइलिस्ट, शैम्पू टेक्नीशियन, नख प्रसाधक, इस्थेटिशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, नेल टेक्नीशियन और इलेक्ट्रोलॉजिस्ट तक बन सकते हैं और जॉब के रूप में हजारों तथा खुद का काम करके लाखों कमा सकते हैं।



# सौन्दर्य के संसार में खूबसूरत करियर

सुन्दर दिखने की चाहत और उसके लिए तरह-तरह के नुस्खों की आजमाइश जोरों पर है। इसके लिए बाजार में सौन्दर्य प्रसाधनों व लाइफ स्टाइल के उत्पादों की बाढ़ सी आ गई है। शेविंग क्रीम हो या टूथ पेस्ट, फेस क्रीम, स्क्रीन क्रीम या फिर शैम्पू, साबुन और तेल-ये सभी आम जीवन की जरूरतों में शामिल हैं। बाजार में रोजमर्रा की मांग ने इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी खूब पैदा किए हैं। कॉस्मेटोलॉजी का कोर्स इन अवसरों के बीच ही ले जाता है। इसकी मांग को देखते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय में भी इस कोर्स को करवाया जा रहा है।



## कॉस्मेटोलॉजी के रंग

इस कोर्स में छात्रों को पहले कॉस्मेटोलॉजी की विभिन्न ब्रांच और उसके विविध रूपों की जानकारी दी जाती है। ये ब्रांच हैं हेयर स्टाइलिस्ट, शैम्पू टेक्नीशियन, नख प्रसाधक, इस्थेटिशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, नेल टेक्नीशियन और इलेक्ट्रोलॉजिस्ट। इसके बाद इन क्षेत्रों में काम आने वाले विभिन्न प्रोडक्ट्स के निर्माण के बारे में बताया जाता है। मसलन शेविंग क्रीम, टूथ ब्रश, पेस्ट, फेस क्रीम, सन्सक्रीम, नेल पॉलिश आदि। कोर्स से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो लाइफ स्टाइल और सौन्दर्य प्रसाधन से जुड़े जितने भी प्रोडक्ट प्रचलन में हैं, चाहे वे त्वचा संबंधी हों या आंख, नाक, कान, बाल, मुंह या शरीर के किसी और अंग से, इन सबके बारे में इस कोर्स में बताया जाता है। हेयर स्टाइलिस्ट को बालों के विभिन्न रूप, उनकी कटिंग और उनमें काम आने वाले कैमिकल्स की जानकारी दी जाती है। बालों को सुंदर बनाने की कला से भी रूबरू कराया जाता है।

शैम्पू टेक्नीशियन को आमतौर पर शैम्पू बनाने की विधियां, उसमें इस्तेमाल होने वाले रसायन और उसके इस्तेमाल की तरकीबें बताई जाती हैं। नख प्रसाधन के क्षेत्र में हाथ और पैर को सुन्दर बनाने वाली पॉलिश और क्रीम आदि के बारे में बताया जाता है। साथ ही देखभाल के बारे में जानकारी दी जाती है।

इस्थेटिशियन को आमतौर पर त्वचा की देखभाल की कला सिखाई जाती है। उसे नई तकनीक के इस्तेमाल से अंग लेपन, फेशियल मसाज आदि से अवगत कराया जाता है। इसमें दक्ष इस्थेटिशियन चाहे तो स्वतंत्र रूप से सैलून या स्पा में काम कर सकता है। वह चाहे तो किसी डॉक्टर को इस क्षेत्र की प्रैक्टिस में सहायता भी प्रदान कर सकता है। इस्थेटिशियन को त्वचा की देखभाल संबंधी उत्पाद की जानकारी के साथ-साथ उसके नफे-नुकसान के बारे में बताया जाता है। त्वचा की पूरी तरह से देखभाल के कारण इसे स्किन केयर थेरेपिस्ट भी कहा जाता है।

ब्यूटी थेरेपिस्ट को मशीन द्वारा बालों को हटाना, आंखों की पुतलियां सजाना, ठीक करना जैसी चीजों के बारे में दक्ष बनाया जाता है। इलेक्ट्रोलॉजिस्ट को इलेक्ट्रोलिसिस का इस्तेमाल करना सिखाया जाता है। विद्युत तरंगों से लैस मशीन से बाल को उखाड़ना या उसे उगाना जैसे काम इसमें बखूबी किए जाते हैं। कोर्स में छात्रों को सामान्य मेडिसिन की जानकारी भी दी जाती है। हालांकि डॉक्टर की तरह इलाज करना उसका काम नहीं होता। उसे सौन्दर्य प्रसाधन से जुड़े प्रोडक्ट्स का क्या-क्या असर होगा, यह भी पढ़ाया जाता है। मोटापा बढ़ने पर वजन कम करने और आकर्षक लुक व सुडौल शरीर कैसे बने, इसका भी ज्ञान दिया जाता है। यही नहीं, उसे मानव साइकोलॉजी का भी पाठ पढ़ाया जाता है। कोर्स में एनेलिटिकल कैमिस्ट्री का भी पाठ शामिल है।

## दाखिले की प्रक्रिया

दाखिले के लिए कहीं 12वीं पास तो कहीं बीएससी या स्नातक की मांग की जाती है। कैमिस्ट्री की पढ़ाई करने वालों के लिए यह और फायदेमंद हो जाता है। यह कोर्स सरकारी और गैर-सरकारी, दोनों तरह के संस्थानों में चल रहे हैं।



## रोजगार कहां

कोर्स को करने के बाद छात्र चाहे तो खुद बॉडी केयर सेंटर खोल सकते हैं। दिल्ली जैसे शहर में इस तरह के सेंटर से लोग प्रति माह हजारों रुपए कमा रहे हैं। आप ब्यूटीशियन के लिए बतौर कंसलटेंट काम कर सकते हैं। कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों में भी काफी अवसर हैं। छात्र चाहे तो कॉस्मेटिक निर्माण की यूनिट भी लगा सकता है। जहां तक आय का सवाल है, कोई चाहे तो किसी के यहां काम करके 20 से 30 हजार रुपए भी कमा सकता है और स्वरोजगार में लाख, दो लाख रुपए महीना भी।

# क्या कहता है आपका एप्टीटयूड




**विषय अनेक और करियर भी अनेक, इतने कि किसे चुनें, किसे नहीं। इसी ऊहापोह में छात्र भटक कर रह जाते हैं। अपनी दुविधा लेकर काउंसलरों के पास आने वाले छात्रों के आंकड़े बताते हैं कि हाल-फिलहाल में छात्रों में यह असमंजस की स्थिति कहीं ज्यादा बढ़ी है। आपके इस असमंजस को सही दिशा दे सकता है एप्टीटयूड टैस्ट। किस-किस तरह के हैं ये एप्टीटयूड टैस्ट?**

अमोल संगीतज्ञ बनना चाहता है, लेकिन उसके माता-पिता उसे इंजीनियर के रूप में देखना चाहते हैं। पिता और अमोल के बीच करियर के चुनाव को लेकर काफी दिन तक खींचतान चलती रही। घर में इस कलह को दूर करने के लिए उसे काउंसलरों ने एप्टीटयूड टैस्ट कराने की सलाह दी। अमोल के एप्टीटयूड टैस्ट के बाद ही यह पता लगाया गया कि वह एक सफल संगीतज्ञ बन सकता है। टैस्ट में उसमें क्रिएटिव इनोवेशन के लक्षण ज्यादा पाए गये। इस क्षेत्र में उसकी विशेष रुचि भी देखी गई। अमोल अकेला ऐसा छात्र नहीं। उसकी तरह कई और भी छात्र हैं, जिनके जीवन को सही दिशा देने के लिए माता-पिता अब एप्टीटयूड टैस्ट कराने लगे हैं। किसी व्यक्ति की क्षमता का आकलन एप्टीटयूड टैस्ट से ही हो पाता है। उसमें इंजीनियर बनने की क्षमता है या ड्राइवर या कलाकार, इसे पता लगाने का सटीक उपाय है एप्टीटयूड टैस्ट। दिल्ली विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के प्रो. एनके चड्ढा कहते हैं, करियर का सही चुनाव और उसमें मौजूद क्षमता के आकलन के लिए एप्टीटयूड के साथ बच्चे की रुचि भी देखी जाती है। ऐसा करने पर करियर के चुनाव में खासी मदद मिलती है। एप्टीटयूड और इंटरेस्ट, दोनों एक-दूसरे के साथ जुड़े हैं और साथ-साथ चलते हैं। अगर एक है और दूसरा नहीं तो करियर को सही दिशा नहीं मिलती।

काउंसलर गीतांजलि कुमार करियर और जीवन को सही दिशा देने में एप्टीटयूड और इंटरेस्ट के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व और शारीरिक क्षमता को भी एक कड़ी मानती हैं। वह कहती हैं, इन सबको मिला कर ही किसी को करियर या जीवन में कोई राह चुनने की सलाह दी जाती है। अगर किसी में किसी कार्य के प्रति एप्टीटयूड है, पर रुचि या करने की इच्छा नहीं तो उस दिशा में भेजना बेकार है। इसी तरह पहली दोनों चीजें हैं, लेकिन शारीरिक क्षमता या व्यक्तित्व नहीं तो ऐसे करियर के चुनाव की सलाह देना बेकार है। वह कहती हैं, व्यक्तित्व भी पॉजिटिव मोटिव देता है, इसलिए तीनों को देखना जरूरी है।

## क्यों है जरूरी

एप्टीटयूड टैस्ट ही किसी छात्र या व्यक्ति के करियर और काम की दिशा बताता है। उसकी क्षमता और रुचि को बताता है। इसके बाद उसे सही प्रोफेशन चुनने की सलाह दी जाती है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर ऐसा नहीं होता तो अमुक व्यक्ति में आगे चल कर कुंठा का जन्म होता है। वह काम को एन्जॉय नहीं कर पाता। ऐसी स्थिति में उसके अंदर नकारात्मक सोच हावी हो जाती है। वह विध्वंसात्मक दिमाग का हो जाता है। उसमें पहचान का संकट भी पैदा होने लगता है। एप्टीटयूड, रुचि और व्यक्तित्व के हिसाब से काम नहीं मिलने पर वह अपने पेशे में उतना सक्षम साबित नहीं होता, जितना दूसरे लोग। ऐसे में वह दूसरों को नीचा दिखाने के लिए कई बार उलटे-सीधे हथकंडे भी अपनाता है। सफलता नहीं मिलने पर वह कई बार अवसाद की स्थिति में आ जाता है और आत्महत्या को मजबूर हो जाता है, इसलिए शिक्षण संस्थानों को सरकार ने बच्चों के करियर की दिशा तैयार करने को कहा है। शिक्षण संस्थाओं में करियर एंड काउंसलिंग सेंटर आए दिन इसी वजह से खोले जा रहे हैं। यह हर संस्थान और काम की जगह की जरूरत बनती जा रही है। प्रो. चड्ढा कहते हैं, भारत में इस तरह की समस्याओं के लिए निजी प्रैक्टिशनर की ओर से जगह-जगह नगरों व महानगरों में काउंसलिंग सेंटर खुल गए हैं, लेकिन इसे चलाने वाले लोग आमतौर पर क्वालिफाइड नहीं होते। काउंसलिंग के लिए कौन सा व्यक्ति उपयुक्त है या नहीं, इसके लिए नेशनल एजेंसी बनी है। वह क्वालिफिकेशन तय करती है। गाइडलाइंस भी तैयार किए हैं।

## एप्टीटयूड टैस्ट के रूप-रंग

**लॉजिकल रीजनिंग**- एप्टीटयूड टैस्ट के कई आयाम हैं, जिनमें एक है लॉजिकल रीजनिंग। इसके तहत कार्य-कारण संबंध पर जोर होता है। किसी व्यक्ति में मानसिक स्तर पर कैलकुलेशन की क्षमता कितनी है, इसका आकलन लॉजिकल रीजनिंग के माध्यम से किया जाता है। अगर वह लॉजिकल रीजनिंग में ज्यादा स्कोर करता है तो इससे पता चलता है कि वह कायदे-कानून में रह कर कठिन से कठिन समस्याओं को हल कर सकता है। इस क्षमता से लैस युवा मैनेजर, वैज्ञानिक और व्हाइट कॉलर जॉब में जाने के उपयुक्त होते हैं।

**एब्सट्रेक्ट रीजनिंग** – इसके तहत खरा उतरने वाला युवा बिखरी हुई चीजों को एकत्रित करके प्लान के साथ काम करने में विशेष हुनर रखता है। इसमें एप्टीटयूड किस तरफ जा रहा है, उसकी दिशा क्या है, वह एक एरिया से दूसरे एरिया में लिंक कर रहा है या नहीं, यह भी देखा जाता है। सिविल और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में बेहतर करने वाले युवाओं में एब्सट्रेक्ट रीजनिंग हल करने की क्षमता ज्यादा पाई जाती है।

**न्यूमेरिकल रीजनिंग** – यह किसी व्यक्ति की गणितीय क्षमता की जानकारी देता है। वह गुणा-भाग करने और सांख्यिकीय सवालों को हल करने की कितनी क्षमता रखता है, इसका आकलन इसके द्वारा किया जाता है। इसे देख कर ही उसे इस विषय या क्षेत्र से जुड़े करियर में जाने की सलाह दी जाती है। मसलन सीए, गणितज्ञ और लेखाकार आदि बनने के लिए न्यूमेरिकल रीजनिंग में बेहतर होना चाहिए।

**आई-हैंड कोऑर्डिनेशन** – आमतौर टेक्निकल काम मसलन ड्राइविंग हो, पायलट या फिर किसी मशीन को चलाने के लिए मशीनमैन हो, उसमें यह एप्टीटयूड जरूर होना चाहिए। इसमें कोई व्यक्ति हाथ, पैर व आंख को काम करते वक्त कितना केन्द्रित कर पाता है, यह देखा जाता है। ऐसा व्यक्ति दुर्घटनाओं को कम करने में काफी मददगार साबित होता है। ड्राइवर, पायलट, मशीनमैन और मैकेनिकल जॉब के लिए यह एप्टीटयूड बढ़िया माना जाता है।

**क्रिएटिव इनोवेशन** – इसमें किसी व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता का आकलन किया जाता है। उसमें कलात्मक रुझान व रुचि का पता लगाया जाता है। आमतौर पर व्हाइट कॉलर जॉब में इस तरह के लोगों की जरूरत पड़ती है। इसके तहत यह भी देखा जाता है कि वह निर्णय कितना शीघ्र और सही रूप में लेता है। उसमें फ्लेक्सिबिलिटी भी होनी चाहिए। कोई व्यक्ति स्वभाव में अड़ियल तो नहीं है। अगर उसमें फ्लेक्सिबिलिटी का स्तर बेहतर है तो उसे उच्चतम पदों की जिम्मेदारी दी जाती है। इसमें उसके अंदर बड़प्पन कितना है, इसका आकलन भी किया जाता है। एप्टीटयूड टैस्ट में ओरिजनेलिटी और मौलिकता को भी देखा जाता है। ऐसे चंद ही व्यक्ति होते हैं, जो अलग किस्म के आइडिया से लैस होते हैं। इस टैस्ट में ओरिजनल आइडिया को देखा व समझा जाता है। इसे बहुविध सोच के रूप में भी देखा जाता है। यह गुण जिसमें है, उसमें अध्यापक, लेखक, अभिनेता, संगीतज्ञ और आविष्कारक बनने की क्षमता होती है।



# प्रोफेशनल लाइफ में रख रहे हैं कदम अपनाएं ये टिप्स

कॉलेज लाइफ को अलविदा कहकर प्रोफेशनल वर्ल्ड में कदम रखने कम चुनौतीपूर्ण नहीं हैं। कई युवाओं के लिए कॉलेज ग्रेजुएशन पूरा होने और अपने पहले जॉब की शुरुआत काफी तनावपूर्ण होती है। कॉलेज पूरा करने के बाद आपको जॉब हंटिंग, इंटरव्यू देना होता है और वास्तविकता का सामना करना इतना आसान नहीं है। कॉलेज स्टूडेंट से एक प्रोडक्टिव एम्प्लॉई बनने का यह ट्रांजिशन सफल बनाने के लिए कुछ बातों को समझना जरूरी है। इन मुद्दों को समझकर और उनके लिए तैयार रहकर इस बदलाव को आसान बना सकते हैं।

कॉलेज जाने और नौकरी पर जाने में बहुत फर्क है। आप जॉब में बंक नहीं मार सकते। आप पैसे देकर ट्यूशन नहीं ले रहे बल्कि आपको पे किया जा रहा है। इसलिए ट्यूशन की तरह मन न होने पर आप काम पर नहीं जाने का मन नहीं बना सकते। आपको नौकरी में आठ घंटे तो काम करना ही पड़ता है।

कॉलेज का समय प्रयोग का समय होता है। हम यहां थोड़ा गैर जिम्मेदार हुए तो चलेगा लेकिन प्रोफेशनल लाइफ में ऐसा नहीं है। कॉलेज में गैर जिम्मेदार होने का मतलब खराब ग्रेड लेकिन वर्कप्लेस पर अनप्रोफेशनल होना मतलब आपके नौकरी की छुट्टी। प्रोफेशनल का मतलब ही सेल्फ-स्टार्टर होता है। कॉलेज से ज्यादा डेडलाइन का सामना आपको प्रोफेशनल वर्ल्ड में करना होगा।

ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद आपके दिमाग में अपना स्पष्ट करियर पाथ होना चाहिए लेकिन अगर आपका पहला जॉब अपनी योजना से मेल नहीं खाता है तो घबराइए नहीं।

कॉलेज छोड़ने और प्रोफेशनल दुनिया में कदम रखने में बहुत चीजें बदलती है। हां, अगर आप दोपहर तक सोते रहते हैं या देर रात फिल्में देखते हैं तो यह सब आपको बंद करना पड़ेगा। आपकी डाइट भी बदलेगी। लाइफस्टाइल के बदलावों के लिए तैयार रहें।

कॉलेज लाइफ खत्म होने का मतलब नहीं कि आपकी लाइफ से फन गायब हो गया। आप अभी भी ट्रेवल कर सकते हैं, दोस्तों के साथ समय बिता सकते हैं और नए व रोमांचक चीजें सीख सकते हैं। इस समय आपको देखना होगा कि किस तरह से मनोरंजन करें ताकि आप अपनी जॉब की जिम्मेदारी भी अच्छे से निभा पाएं।



## भारतीय शेयर बाजार ने पॉजिटिव परफॉर्मेंस के दम पर 5वीं रैंकिंग हासिल की

**नई दिल्ली ।** भारतीय शेयर बाजार ने पॉजिटिव परफॉर्मेंस के दम पर` फिर से 5वीं रैंकिंग हासिल कर ली है। जनवरी में थोड़े समय के लिए फ्रांस इस मामले में भारत से आगे निकल गया था। भारत के घरेलू इक्विटी बाजारों में 28 मार्च से तेजी देखने को मिल रही है। देश में मैक्रोइकोनॉमिक स्थितियों में सुधार के बीच विदेशी निवेशकों की खरीदारी जारी है, जिसका भारतीय शेयर बाजार काफी अच्छा असर दिखा है। सेंसेक्स और निफ्टी तब से करीब 10 फीसदी उछले हैं, जबकि बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप करीब 15 फीसदी चढ़े हैं। वहीं बीएसई बैंकेक्स भी करीब 13 फीसदी चढ़ा है। ब्लूमबर्ग के अनुसार दुनिया के 4 शेयर बाजार भारत से आगे हैं। इनमें अमेरिका, चीन, जापान और हांग कांग शामिल हैं। विदेशी निवेशकों ने पिछले दो महीनों में भारतीय इक्विटी बाजार में करीब 6.3 अरब डॉलर का निवेश किया है। अमे रिका की वैल्यूएशन 44.54 ट्रिलियन डॉलर, चीन की 10.26 ट्रिलियन डॉलर, जापान की 5.68 ट्रिलियन डॉलर, हांग कांग की 5.14 ट्रिलियन डॉलर, भारत की 3.31 ट्रिलियन डॉलर और फ्रांस की वैल्यूएशन 3.24 ट्रिलियन डॉलर है।

## वारबर्ग ने 25 करोड़ डॉलर में विस्तार फाइनेंस की हिस्सेदारी खरीदी

**मुंबई ।** निजी इक्विटी कंपनी वारबर्ग पिन्कस ने गैर-बैंकिंग कंपनी विस्तार फाइनेंस में 25 करोड़ डॉलर में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। निजी इक्विटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ने बयान में कहा कि इस 13 साल पुरानी कंपनी में हिस्सेदारी प्राथमिक और द्वितीयक निवेश के संयोजन से हासिल की गई है। यह अधिग्रहण बैंकर अविजीत साहा के साथ साझेदारी में किया गया है, जो कंपनी में मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में कंपनी में शामिल हुए हैं। यह देश के वित्तीय क्षेत्र में वारबर्ग का सबसे बड़ा दांव है। विस्तार फिलहाल 12 भारतीय राज्यों में मौजूद है और इसके ग्राहकों की संख्या 40,000 और कर्मचारियों की संख्या 2,500 से ज्यादा है। यह हिस्सेदारी वारबर्ग ने मौजूदा निवेशकों और संस्थापकों से हासिल की है। कंपनी के पास मार्च के अंत तक प्रबंधन के तहत 3,150 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां थीं। वारबर्ग पिन्कस ने कहा कि विस्तार छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों के लिए एक प्रमुख ऋणदाता के रूप में उभरी है। ये क्षेत्र कर्ज के औपचारिक स्रोतों से वंचित हैं।

## आरवीएनएल का मुनाफा पांच फीसदी घटा

**मुंबई ।** रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने 26 मई को वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा की। मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा पांच फीसदी घटकर 359.3 करोड़ रुपए रह गया। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 378 करोड़ रुपए था। जनवरी-मार्च तिमाही में परिचालन से रेलवे पीएसयू का राजस्व 11 फीसदी घटकर 5,719.8 करोड़ रुपए रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 6,437.5 करोड़ रुपए था। आरवीएनएल के बार्ड ने वित्त वर्ष 2023 के लिए 0.36 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड की सिफारिश की है। हालांकि अभी इस प्रस्ताव को शेयरधारकों की मंजूरी मिलना बाकी है। कंपनी की बैठक में इसकी घोषणा की तारीख से 30 दिनों के भीतर डिविडेंड का भुगतान किया जाएगा। परिचालन के मोर्चे पर, आरवीएनएल का एबीआईटीडीए चौथी तिमाही में 8.3 फीसदी घटकर 374.4 करोड़ रुपए रह गया। पिछले वर्ष की समान अवधि में कंपनी का एबिटेडा ऐ बीआईटीडीए 408.4 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय 5,975.88 करोड़ रुपए रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 6,647.52 करोड़ रुपए थी। इस महीने की शुरुआत में, रेल मंत्रालय ने घोषणा की, कि आरवीएनएल को नवरत्न का दर्जा दिया गया है। अब आरवीएलएन के बोर्ड को ज्यादा पावर और काम करने की छूट मिलेगी। इससे कंपनी के ग्रोथ में तेजी आएगी और रेलवे सेक्टर से परे कंपनी अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में भी अपने कदम जमा पाएगी।

# कोमाकी ने उतारा टीएन 95 इलेक्ट्रिक स्कूटर

### -स्कूटर की कीमत 1.31 लाख रुपये से शुरू

**नई दिल्ली ।**

भारतीय मार्केट में कोमाकी ने अपने 2023 टीएन 95 इलेक्ट्रिक स्कूटर को उतार दिया है। कंपनी ने इसमें कई फीचर्स को अपडेट किया है। इस स्कूटर की कीमत 1.31 लाख रुपये से शुरू होकर 1.40 लाख रुपये तक जाती है। अपडेटेड मॉडल एंटी-स्किड टेक्नोलॉजी और लिथियम आयरन फॉस्फेट ऐप-आधारित स्मार्ट बैटरी के साथ आता है, जो आग प्रतिरोधी हैं। कोमाकी टीएन 95 इलेक्ट्रिक स्कूटर में 5केडब्ल्यू का मोटर दिया गया है। इसमें तीन गियर मोड- इको, स्पोर्ट और टर्बो मिलते हैं। इसकी टॉप स्पीड 85 किमी प्रति घंटा है। 2023 कोमाकी टीएन 95 की रेंज दो वेरिएंट में पेश की गई है, जो 130-150 किमी और 150-180 किमी है। इसकी बैटरी को चार्ज होने में 4-5 घंटे लगते हैं।2023कोमाकी टीएन 95 डुअल डिस्क ब्रेक और बिना चाबी के कंट्रोल के लिए एक की फोब के साथ आता है। इसमें एडिशनल स्टोरेज, फुटरेस्ट और एक फुल बॉडीगार्ड भी दिया गया है। इसके अलावा इसमें एलईडी डीआरएल, डुअल-एलईडी हेडलैंप, पार्किंग असिस्ट, क्रूज कंट्रोल, रिवर्स असिस्ट, ऑन-राइड कॉल फंक्शन के साथ ऑनबोर्ड नेविगेशन, एक साउंड सिस्टम



और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी दिए गए हैं। कोमाकी इलेक्ट्रिक डिवीजन के निदेशक गुंजन मल्होत्रा ने कहा- भारत की परंपराओं से प्रेरित, कोमाकी टीएन 95 भारत का पहला पारिवारिक स्कूटर है। यह साइज में बड़ा है, बैठने की खास व्यवस्था और कई सुरक्षा फीचर्स के साथ जो इसे भारत में सबसे सुरक्षित और सबसे एडवांस्ड दोपहिया बनाता है। सुरक्षा हमेशा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, और नया मॉडल एडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स के साथ आता है और सवारी करने में भी आरामदायक है।

## भेल को 2022-23 में मिले 23,548 करोड़ के नए ऑर्डर




**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को बीते वित्त वर्ष में 23,548 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले। यह इससे पूर्व वित्त वर्ष के मुकाबले 17 प्रतिशत अधिक है। भेल को 2021-22 में 20,078 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले थे। कंपनी ने कहा` कि भेल ने बिजली, उद्योग और निर्यात क्षेत्रों में 23,548 करोड़ रुपए मूल्य के ऑर्डर हासिल किये। इसके साथ कंपनी के कुल ऑर्डर वित्त वर्ष के अंत में 91,336 करोड़ रुपए से अधिक के रहे। भेल ने कहा कि अप्रैल, 2023 में वंदे भारत ट्रेनसेट के ऑर्डर के साथ कुल ऑर्डर एक लाख करोड़ रुपए को पार कर गया है। भेल-टीडब्ल्यूएल समूह को वंदे भारत ट्रेनों के निर्माण और रखरखाव को लेकर 80 वंदे भारत ट्रेन के लिये लगभग 23,000 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है।

## गोफर्स्ट प्रबंधन ने डीजीसीए के साथ पुनरुद्धार योजना पर चर्चा की




**मुंबई ।** संकट में फंसी विमानन कंपनी गोफर्स्ट ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों के साथ अपनी पुनरुद्धार योजनाओं के बारे में चर्चा की। कंपनी दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही है। एक सूत्र ने बताया कि यह बैठक नई दिल्ली में हुई। डीजीसीए के पिछले सप्ताह एयरलाइन से पुनरुद्धार योजना 30 दिन के भीतर सौंपे जाने को कहे जाने के बाद यह बैठक हुई है। कंपनी ने दो मई को स्वैच्छिक ऋण शोधन समाधान कार्यवाही के लिए आवेदन दाखिल किया था। उसने इसके लिए अमेरिकी कंपनी प्रैट एंड व्हिटनी से इंजन नहीं मिलने के कारण परिचालन जारी रखने में असमर्थता जताते हुए आवेदन दिया था। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने 10 मई को कंपनी के आवेदन को स्वीकार कर लिया था। एक सूत्र ने कहा कि डीजीसीए ने गोफर्स्ट की पूरी प्रबंधन टीम को पुनरुद्धार योजना पर चर्चा के लिए बुलाया था। बैठक में टीम ने पुनरुद्धार योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस बारे में विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि सभी संबंधित पक्ष विमान को उड़ान भरते देखना चाहते हैं। कंपनी का परिचालन तीन मई से ही बंद है। फिलहाल उसने 30 मई तक परिचालन निलंबित कर रखा है। सूत्र ने कहा` कि एयरलाइन आगे के रास्ते के बारे में विस्तृत जानकारी देगी। फिलहाल, वह सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने संकेत दिया कि उड़ानों का परिचालन कुछ और दिनों के लिए निलंबित रखा जा सकता है क्योंकि डीजीसीए पुनरुद्धार योजना पर अंतिम निर्णय से पहले कुछ समय लेगा।

# शेयर बाजार हल्की तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही खरीददारी हावी रहने (लिवाली) से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 122.75 अंक करीब 0.20 फीसदी बढ़कर 62,969.13 अंक पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान सेंसेक्स 63,036.12 की ऊंचाई तक जाने के बाद 62,737.40 तक फिसला। इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी 35.20 अंक तकरीबन 0.19 फीसदी ऊपर आकर 18,633.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 18,662.45 की उंचाई तक जाने के बाद 18,575.50 तक फिसला आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में से 19 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। आईटीसी के शेयर सबसे ज्यादा 2.31 फीसदी तक उछले। आईटीसी के अलावा बजाज फिनसर्व, कोटक बैंक, बजाज फाइनैंस और एक्सिस बैंक सेंसेक्स के शीर्ष पांच लाभ वाले शेयर रहे। सबसे ज्यादा लाभ आईटीसी के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 2.31 फीसदी तक ऊपर आये। वहीं,




दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में से केवल 11 शेयर ही लाल के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। टेक महिंद्रा के शेयर करीब 1.24 फीसदी तक नीचे आये।

महिंद्रा के अलावा , टाटा स्टील, सन फार्मा, नेस्ले इंडिया और लार्सन एंड टूब्रो सेंसेक्स के सबसे ज्यादा नुकसान वाले पांच शेयर रहे। इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार की सपाट शुरुआत हुई है। बीएसई सेंसेक्स 66 अंक गिरकर 62,780 पर और एनएसई निफ्टी 50.15 अंक गिरकर 18,583 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं एचसीएल टेक, आईटीसी, कोटक बैंक, टाइटन, विप्रो, एनटीपीसी और अडानी इंटरप्राइजेस में तेजी देखने को मिली। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक 0.18 फीसदी तक उछले। शुरुआत में निफ्टी भी 20 अंकों की बढ़त के साथ 18,700 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। एशियाई बाजारों में निक्केई, स्ट्रेट टाइम्स में 0.4 फीसदी तक की गिरावट आई, जबकि हेंग सेंग और कोस्पी में 0.9 फीसदी की तेजी देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 3.71 फीसदी चढ़ गया था।

कंपनी का मार्च तिमाही का एकीकृत मुनाफा 18 फीसदी बढ़ा है। वहीं 2022-23 में कंपनी ने अपना सबसे ऊंचा 10,282 करोड़ रुपए का सालाना मुनाफा कमाया है।

# जियो सिनेमा पर आईपीएल का फाइनल मैच 3.2 करोड़ लोगों ने देखा, टूटा रिकॉर्ड

**मुंबई ।**

आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) 2023 के आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग पार्टनर जियो सिनेमा ने सोमवार को वर्ल्ड डिजिटल व्यूअरशिप का रिकॉर्ड तोड़ दिया। आईपीएल का फाइनल मैच 3.2 करोड़ लोगों ने एक साथ देखा, जो दुनिया में लाइव स्ट्रीमिंग इवेंट का सबसे ज्यादा व्यूअरशिप है। आईपीएल 2023 के क्वालीफायर 2 के दौरान, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच पहली पारी में शुभमन गिल द्वारा शानदार शतक देखने के लिए जियो सिनेमा पर एक साथ 2.57 करोड़ दर्शक मैच देखने आए, जो एक रिकॉर्ड बन गया था। आईपीएल के पूर्व डिजिटल स्ट्रीमिंग पार्टनर डिज्नी हॉटस्टार ने जुलाई 2019 में एक क्रिकेट मैच के लिए एक साथ 2.5 करोड़ से अधिक दर्शकों को आकर्षित किया था। यह रिकॉर्ड कई सालों तक कोई तोड़ नहीं सका था। इतना ही नहीं, 17 अप्रैल को, लगभग 2.4 करोड़ दर्शक एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से हाई ऑक्टेन रन चेज के खिलाफ धोनी की सीएसके को सपोर्ट करने के लिए एक साथ आए। जियो सिनेमा ने डिजिटल स्पोर्ट्स व्यूइंग की दुनिया में ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करना जारी रखा है। इस साल के आईपीएल के पहले सात हफ्तों में 1,500




करोड़ से अधिक वीडियो देखे गए। आईपीएल के 16वें एडिशन में, चेन्नई सुपर किंग्स ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बारिश से प्रभावित फाइनल में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर पांचवां आईपीएल खिताब जीता।

## एसबीआई ने दो हजार के नोटों के रूप में 14 हजार करोड़ जमा किए



**नई दिल्ली ।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) द्वारा 2000 के नोट सर्कुलेशन से बाहर करने की घोषणा के बाद से बैंकों के पास बड़ी संख्या में ये नोट वापस आए हैं। एसबीआई के पास 23 मई से अब तक 2000 के नोटों के रूप में 14,000 करोड़ रुपए जमा किए गए हैं और 3,000 करोड़ रुपए एक्सचेंज किए गए हैं। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने एक इवेंट के दौरान यह जानकारी दी। खारा ने बताया कि 2000 के नोट अभी लीगल टेंडर बने रहेंगे और आरबीआई ने इन्हें एक्सचेंज कराने के लिए काफी लंबा समय दिया है। इसलिए ग्राहकों में कोई उतावलापन नहीं है। दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय स्टेट बैंक की उन अधिसूचनाओं को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी, जिसमें बिना किसी पहचान प्रमाण के नोट बदलने की अनुमति दी गई थी।

# स्टार्टअप में आए बेहिसाब निवेश पर आयकर विभाग ने भेजे नोटिस

### - नोटिस फिनटेक एग्रीगेटर और एडटेक सहित सभी तरह की स्टार्टअप को भेजे गए

**नई दिल्ली ।**

आयकर विभाग ने कुछ प्रमुख यूनिकॉर्न सहित कई स्टार्टअप को वित्त वर्ष 2019 से 2021 के बीच आए बिना हिसाब के निवेश पर नोटिस भेजे हैं। ये नोटिस फिनटेक एग्रीगेटर और एडटेक सहित सभी तरह की स्टार्टअप को भेजे गए हैं। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि नोटिस में आयकर कानून की धारा 68 के तहत निवेश के स्रोत और प्रकृति की जानकारी मांगी गई है। 100 करोड़ रुपए या इससे अधिक के प्रत्येक निवेश की जांच की जा रही है मगर यह पता नहीं चला कि कुल कितने निवेश की पड़ताल की जा रही है। आयकर की धारा 68 के तहत उन मामलों की जांच की जाती है, जिनमें करदाताओं के खातों में बेहिसाब धन जमा होता है और जिस धन के स्रोत की जानकारी वे नहीं दे पाते। इस धारा का इस्तेमाल आम तौर पर शेयर जारी करने वालों की पहचान, साख और वास्तविकता का पता लगाने के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ नोटिस विदेशी निवेशकों की स्थानीय हिस्सेदारी, निर्धारित मूल्यांकन और निवेशकों द्वारा लिए गए ऋण के उद्देश्य के बारे में भी जारी किए गए हैं। कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों की सहायक इकाइयों को प्रवर्तक फर्मों से प्राप्त धन के संबंध में भी सवाल पूछे गए हैं। मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने कहा कि पैसों की राउंड-ट्रिपिंग (रकम को देश से बाहर भेजना और उसी रकम को विदेशी निवेश के रूप में वापस हासिल करना) के बढ़ते खतरे को देखते हुए सफाई मांगी जा रही है। इसी वजह से प्रवासी निवेशकों को भी ऐंजल कर के दायरे में लाया गया है। अधिकारी कहा कि नियामकीय ढांचे को ध्यान में रखते




हुए ऐंजल कर से रियायत की सूची तैयार की गई है। 21 देशों के सॉवरिन वेल्थ फंड, पेंशन फंड और सेबी में पंजीकृत पोर्टफोलियो निवेशकों को ऐंजल कर के प्रावधानों से छूट दी जाएगी क्योंकि ये विनियमित इकाइयां हैं लेकिन इन देशों की कंपनियां पूरी तरह विनियमित नहीं होती हैं क्योंकि इन देशों में फर्म शुरू करना आसान होता है।

# निफ्टी नेक्स्ट 50 में होंगे बदलाव

**मुंबई ।**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने अपने निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स में केवल डेरिवेटिव सेगमेंट में उपलब्ध शेयरों को शामिल करने का फैसला किया है, जो कि 29 सितंबर, 2023 से प्रभावी होगा। यह फैसला एक कंसल्टेशन पेपर के जरिए जारी किया गया है। एक्सचेंज ने अपने नोटिस में कहा कि निफ्टी नेक्स्ट 50 को ट्रैक करने वाले पैसिव फंड्स की संख्या और एसेट साइज में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसमें शामिल शेयरों की लिक्विडिटी और पैसिव फंड्स में तेजी के लिए इंडेक्स रेप्लिकेशन में सहूलियत को बढ़ावा देना के लिए ये फैसला जरूरी है।

बता दें कि निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स में निफ्टी 50 के अलावा निफ्टी 100 के बाकी बचे 50 स्टॉक्स होते हैं।

एनएसई के अनुसार 31 मार्च, 2023 तक 11,600 करोड़ रुपए के कुल कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट के साथ निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स को ट्रैक करने वाले 20 पैसिव फंड हैं। वहीं इसमें 5,560 करोड़ रुपए के 7 ईटीएफएस और 6,040 करोड़ रुपए के 13 इंडेक्स फंड्स हैं। सुचारू रूप से ट्रांजिट के लिए, एक्सचेंज सबसे पहले 29 जून से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स में गैर-एफएंडओ शेयरों के क्युमुलेटिव भार को 10 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करेगा और 29 सितंबर, 2023 से प्रस्तावित परिवर्तनों को लागू करेगा। निफ्टी 50 के शेयरों को छोड़कर, निफ्टी 100 में सभी एफएंडओ स्टॉक 29 सितंबर से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स का हिस्सा होंगे।

घाटे की संख्या के मामले में, निफ्टी मिडकैप 50 से उन शेयरों का चयन किया जाएगा यदि समीक्षा के समय उनका छह महीने का औसत मार्केट-कैप मौजूदा सबसे मामूली सूचकांक घटकों से कम से कम 1.5 गुना है।

## ओएनजीसी हरित ऊर्जा परियोजनाओं में एक लाख करोड़ निवेश करेगी

### - कंपनी ने 2038 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा

**नई दिल्ली ।**

सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने कहा कि कंपनी ऊर्जा बदलाव के तहत हरित परियोजनाओं में 2030 तक एक लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी ने 2038 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए वह हरित ऊर्जा पर जोर दे रही है। इसके साथ, कंपनी जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए देश की प्रतिबद्धता के तहत शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन को लेकर रूपरेखा तैयार करने को लेकर सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनियों इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल), गेल और भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) की श्रेणी में आ गयी है। सिंह ने कहा` कि हमने आंतरिक स्तर पर कार्य किए हैं और अब भरोसा है कि हम 2038 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से उत्पादन 189 मेगावॉट से बढ़ाकर 1,000 मेगावॉट करेगी। उसने पहले ही राजस्थान में 5,000 मेगावॉट की परियोजनाओं की योजना बना ली है। कंपनी अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं पर भी गौर करेगी। इसके अलावा, ओएनजीसी मेंगलोर में 10 लाख टन सालाना क्षमता का हरित अमोनिया संयंत्र पर भी विचार कर रही है। सिंह ने कहा कि कुल मिलाकर इसमें एक लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा। कंपनी ने 2022-23 में तेल एवं गैस उत्पादन में घटने के रुख को पलटा है और अब पूर्वी और पश्चिमी तटों पर स्थित परियोजनाओं से उत्पादन बढ़ाने पर विचार कर रही है। एनजीसी ने बीते वित्त वर्ष में 1.96 करोड़ टन तेल का उत्पादन किया, जो इससे पूर्व 2021-22 में 1.95 करोड़ टन था। चालू वित्त वर्ष में उत्पादन बढ़कर 2.13 करोड़ टन और 2024-25 में 2.15 करोड़ टन हो जाने का अनुमान है। वहीं प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2022-23 में 20.64 करोड़ घनमीटर रहा जो 2023-24 में बढ़कर 23.62 अरब घनमीटर तथा 2024-25 में 26.08 अरब घन मीटर हो जाने का अनुमान है।

# पेट्रोल और डीजल पटना और नोएडा में महंगा

### - ब्रेंट क्रूड का दाम 77.06 डॉलर प्रति बैरल




**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में मंगलवार को कोई खास बदलाव नहीं दिख रहा है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.30 फीसदी की तेजी के साथ 72.89 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड का दाम 77.06 डॉलर प्रति बैरल पर दिख रहा है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कुछ शहरों में बदलाव` किया है। महाराष्ट्र में पेट्रोल 80 और डीजल 77 पैसे महंगा हो गया है। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल की 41 और डीजल में 40 पैसे की बढ़ोतरी हुई है।

इसके अलावा राजस्थान, झारखंड और जम्मू-कश्मीर समेत कुछ और राज्यों में भी कीमतें बढ़ी हैं। दूसरी तरफ गुजरात में पेट्रोल 41 पैसे और डीजल 42 पैसे सस्ता हो गया है। मध्य प्रदेश में पेट्रोल की 32 और डीजल में 30 पैसे की गिरावट है। चेन्नई में पेट्रोल और डीजल में हल्की गिरावट आई है।

दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.44 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 108.12 रुपए और डीजल 94.86 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

### आखिरी दो गेंद पर जडेजा के जादू से चेन्नई सुपर किंग्स पांचवीं बार बना चैम्पियन

# रायडू और जडेजा ने उठायी आईपीएल ट्रॉफी



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के पांचवीं बार आईपीएल ट्रॉफी जीतने के बाद टीम में जबरदस्त उत्साह देखा गया। कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी से इस ट्रॉफी का उठाने का अवसर अंबाति रायडू ओर ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा को दिया। जडेजा ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलायी जबकि रायडू ने घोषणा कर दी थी कि इस आईपीएल के बाद वह खेल को अलविदा कह देंगे। रायडू का फेयरवैल बहुत अच्छा रहा। आखिरकार उन्होंने एक बार फिर आईपीएल की ट्रॉफी उठा ली।

सीएसके ने पांचवीं बार आईपीएल का खिताब जीतकर मुंबई इंडियंस की बराबरी की है। आईपीएल का फाइनल मुकाबला रिर्जव डे पर खेला गया था। बारिश होने के कारण मैच लगभग ढाई दिन तक चला और मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 5 विकेट से जीत हासिल की। इस रोमांचक मैच में सीएसके ने अंतिम गेंद पर जीत हासिल की। ऑलराउंडर जडेजा ने 2 गेंदों में 10 रन बनाकर कर टीम को जीत दिलायी। सीएसके की ओर से रुतुराज गायकवाड़ के 26, डेवॉन कॉनवे के 47, शिवम दुबे के 32, अजिंक्य रहाणे के 27, अंबाती रायडू के 19 और रवींद्र जडेजा के 15 रन शामिल रहे। रायडू ने 8 गेंदों में 1 चौका और 2 छक्के लगाये। रायडू ने ऐसे समय में बाजी पलटी जब सीएसके को एक-एक रन बनाना कठिन हो रहा था। रायडू ने मैच के बाद कहा, यह एक फेयरीटेल का अंत है। मैं इससे ज्यादा की उम्मीद नहीं कर सकता था। यह अविश्वसनीय है। यह जीत कुछ ऐसी है जिसे मैं अपने पूरे जीवन के लिए याद रखूंगा। पिछले 30 सालों में मैंने कड़ी मेहनत की है। मैं इस पल के लिए अपने परिवार और अपने पिता को धन्यवाद देना चाहता हूं, उनके बिना मैं आज यहां नहीं होता। रायडू ने मैच के बाद कप्तान धोनी की बात को याद किया। उनसे जब पूछा गया कि मैच से पहले और बाद में धोनी ने उनसे क्या कहा, तो रायडू ने कहा, धोनी मुझसे बोले कि ये जो शॉट तूने मारा है, उसे बुड्ढा होकर भी याद करेगा।

## विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बनना चाहते हैं प्रणॉय




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन टीम के खिलाड़ी एच.एस प्रणॉय का लक्ष्य विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बनना है। प्रणय ने इस साल अभी तक शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व में सातवां स्थान हासिल कर लिया है। थॉमस कप जीतने के साथ से ही उन्होंने कई बड़े टूर्नामेंट भी जीत हैं। इस कारण वह यहां तक पहुंचे हैं। उनके लिए पिछला साल काफी अच्छा बीता और इस साल भी उन्हें अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है हालांकि इस खिलाड़ी के लिए पिछले कुछ साल कठिन रहे थे।

इस खिलाड़ी ने कहा कि साल में 2021-22 में मेरी रैंकिंग 32-33 तक चली गई थी। वहां से शीर्ष-10 में आना काफी मुश्किल था। मैंने पिछले डेढ साल में काफी मेहनत की जिसका मुझे ये फल मिला।

करियर में बहुत सारे मोड़ आये हुए हैं। पिछले साल थॉमस कप भी करियर का एक बड़ा टर्निंग अंक था। टीम के लिए भी और निजी तौर पर मेरे लिए भी। थॉमस कप जीतने के बाद काफी आत्मविश्वास मिला था। इसके बाद बाकी जो टूर्नामेंट मिले उसमें काफी अच्छा परफॉर्म कर पाया। इससे यह पता चलता है कि पिछले साल मेरे खेल में काफी निरंतरता थी। इस टूर्नामेंट से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा और मेहनत जारी रखने का साहस मिला। पिछले साल थॉमस कप और एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप में हमने अच्छा परफॉर्म किया है।

## फ्लेमिंग ने मन ही मन मान ली थी हार , खेल में परियों की कहानी अच्छी रही: फ्लेमिंग

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल फाइनल के बाद सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने एक समय हार मान ली थी पर इसके बाद ऑलराउंडर जडेजा ने अपनी असाधारण पारी से टीम को जीत दिला दी। गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल में अंतिम ओवर में जीत के लिए सीएसके को 13 रन की जरूरत थी पर टीम शुरुआती चार गेंद में तीन रन ही बना सकी। जडेजा ने इसके बाद मोहित शर्मा की आखिरी दो गेंदों पर एक छक्का और एक चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

फ्लेमिंग ने सुपरकिंग्स के खिताब जीतने के बाद कहा,'' वे कहते हैं कि खेल में परियों की कोई कहानी नहीं होती पर आज बहुत अच्छी कहानी थी। पिछले 18 महीने थोड़े मुश्किल रहे, क्योंकि कप्तानी मुश्किल थी, चोट की समस्या थी, जडेजा ने खेल से बाहर थोड़ा समय बिताकर वापसी की और टेस्ट टीम में जगह बनाई और फिर सीएसके की टीम में।

मोहित की अंतिम दो गेंद पर जडेजा की शानदार बल्लेबाजी से पहले फ्लेमिंग ने मन ही मन हार मान ली थी। फ्लेमिंग ने तब कहा, ''हम आखिरी गेंद पर फाइनल हारे हैं जो दिल तोड़ने वाला रहा है। मैं खुद को एक बार फिर दिल टूटने के लिए तैयार कर रहा था जब जडेजा ने छक्का लगाया और इसके बाद दिल भी टूट सकता था और खुशी भी मिल सकती थी, मैं सुनिश्चित नहीं था। उन्होंने कहा, '' लेकिन जब मैंने देखा कि गेंद बाउंड्री की ओर जा रही है तो यह परम आनंद का अवसर था। यह प्रतियोगिता आपको ऐसे भावनात्मक स्तर तक ले जाती है जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। फ्लेमिंग ने जडेजा की जमकर तारीफ की।

# शरीर साथ नहीं दे रहा पर प्रशंसकों के प्यार को देखते हुए अगले साल भी खेलूंगा: धोनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टीम की खिताबी जीत के बाद कहा कि अब उनका शरीर साथ नहीं दे रहा पर प्रशंसकों के दबाव को देखते हुए उन्हें खेलना पड़ सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी खुलासा किया कि इस सत्र की शुरूआत से ही उनका शरीर साथ नहीं दे रहा था। आईपीएल से संन्यास की अटकलों पर धोनी ने कहा कि दर्शकों के प्यार को देखते हुए उन्हें तोहफा देने के लिये वह अगले सत्र में फिर खेलेंगे। इस सत्र की शुरूआत से ही अटकलें लगाई जा रही थी कि यह धोनी का आखिरी सत्र होगा। हर मैदान पर दर्शकों ने उन पर जिस तरह से प्यार लुटाया , उससे इसकी संभावना और प्रबल होती नजर आ रही थी कि वह आगे भी खेलें। गुजरात टाइटंस पर फाइनल में पांच विकेट से जीत के बाद धोनी से जब पूछा गया कि क्या यह उनका आखिरी सत्र है, उन्होंने कहा ,'' अगर हालातों को देखे तो मेरे लिये संन्यास लेने का यह सर्वश्रेष्ठ समय है। मेरे लिये



यह कहना बहुत आसान है कि अब मैं विदा ले रहा हूं कयोंकि अगले नौ महीने तक कड़ी मेहनत करके लौटना और एक सत्र और खेलना बेहद कठिन है।

उन्होंने कहा ,'' शरीर को साथ देना होगा। सीएके के प्रशंसकों ने जिस तरह से मुझे प्यार दिया, यह उनके लिये मेरा उपहार होगा कि मैं एक सत्र और खेलूं। उन्होंने जो प्यार और जज्बात दिखाये हैं, मुझे भी उनके लिये कुछ करना चाहिये। धोनी ने कहा ,'' यह मेरे कैरियर का अंतिम दौर है। यहीं से शुरूआत हुई थी और पूरा स्टेडियम मेरा नाम ले रहा था। ऐसा चेन्नई में भी हुआ था पर मैं वापसी करके जितना खेल सकता हूं, खेलूंगा।

## शुभमन , यशस्वी हैं भारतीय क्रिकेट में नये सितारे : पीटरसन

मुम्बई । इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने कहा है कि युवा बल्लेबाज शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट में नये सितारे बनकर उभरेंगे। पीटरसन के अनुसार टीम प्रबंधन को अब अधिक समय बिताये बिना ही इन दोनो को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अवसर देने चाहिये क्योंकि ये दोनो ही तकनीकी रुप से कुशल हैं। पीटरसन ने कहा, शुभमन और यशस्वी भविष्य में भारत के शीर्ष क्रम के सितारे होंगे। मेरा मानना है कि एकदिवसीय क्रिकेट में ये दोनो ही बेहद सफल रहेंगे। इन्हें तत्काल टीम में जगह दी जानी चाहिये। शुभमन ने अब आईपीएल 2023 के 13 मैचों में 576 रन बनाए हैं। पीटरसन ने कहा कि वे पूर्ण सितारे हैं जो आने वाले समय में महान सितारे बनेंगे। पीटरसन ने कहा, आईपीएल युवा खिलाड़ियों को तीन चीजें देता है। यह उन्हें खेलने का अवसर देता है, यह उन्हें दुनिया भर के प्रशंसकों के सामने एक मंच देता है। स्टेडियम भरे हुए हैं, सब कुछ व्यस्त है, और यह उच्च तीव्रता वाला है। यदि आप इसमें सफल हो जाते हैं तो आपकों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जगह मिलना तय है।



## रहाणे अब फिर जोश से भरे हैं : कार्तिक



मुम्बई । अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर फार्म हासिल करने के लिए बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे की तारीफ की है। कार्तिक के अनुसार रहाणे को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए टीम में जगह मिलना खुशी की बात है। रहाणे ने आईपीएल 2023 और घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया में वापसी की है। कार्तिक ने कहा, मुझे लगता है कि उसने अपना जोश वापस पा लिया है। वह अच्छी लय में है, उसका मनोबल बढ़ा हुआ है और वह हमेशा से ही भारत के बाहर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जाना जाता है। यह छह से आठ महीने टेस्ट क्रिकेट में उसके करियर के लिए बहुत अहम होने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा, जब वह वापस आया तो उसने सीएसके के लिए बहुत अच्छा किया। जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की है, उसने जो इरादा दिखाया है, वह एक अच्छी मानसिकता दिखात है और यह कुछ ऐसा है जो बल्लेबाज के लिए बहुत अहम है

रहाणे को सीएसके ने 2023 मिनी-नीलामी में आधारमूल्य पर खरीदा था। बेन स्टोक्स के चोटिल होने के कारण उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह मिली थी और रहाणे ने इसका भरपूर लाभ उठाते हुए नंबार तीन पर शानदार बल्लेबाजी करते हुए तीन सौ से अधिक रन बनाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 170 के करीब रहा।

# एशिया कप 2023: अब पाकिस्तान में नहीं बल्कि इस देश में हो सकता है एशिया कप, अंतिम फैसला होना बाकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2023 के आयोजन को लेकर अभी तक स्थिति साफ नहीं हो सकी है। पाकिस्तान में पास इसकी मेजबानी है। हालांकि, भारत ने पाकिस्तान का दौरा करने से साफ तौर पर मना कर दिया था। इसी के बाद से एशिया कप को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है। भारत को श्रीलंका और बंग्लादेश जैसे क्रिकेट बोर्ड का भी समर्थन मिला है। वहीं, पाकिस्तान हर हाल में एशिया कप की मेजबानी अपने पास रखना चाहता है। लेकिन अब उसे झटका लगता दिख रहा है।



### कहानी में आया नया मोड़

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने खुलासा किया है कि वह एशिया कप 2023 की मेजबानी की दौड़ में शामिल हो गयी हैं। यह पाकिस्तान के लिए एक झटका है, जो पिछले कुछ समय से हाइब्रिड मॉडल में मल्टी-टीम टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए तैयार था। रविवार को आईपीएल के धुल चुके अंतिम दिन के मौके पर, सभी एसीसी सदस्य मिले। पीसीबी प्रतिनिधी इसमें सामिल नहीं थे। बीसीसीआई ने नवीनतम हाइब्रिड मॉडल से इनकार किया। यह या तो कोलंबो में हो या नहीं हो। पीसीबी के ताजा प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

### हाइब्रिड मॉडल क्या था

उस प्रस्ताव में, पीसीबी ने सुझाव दिया था कि जहां कुछ मैच पाकिस्तानी सरजमीं पर होंगे, वहीं भारतीय टीम यूएई में सभी मैच खेलेगी। यहां रसद के संबंध में यह एक जटिल प्रक्रिया है, भारतीय बोर्ड ने इसे स्वीकार नहीं किया। लेकिन इसे खारिज कर दिया गया है। एसएलसी के एक शीर्ष अधिकारी ने खुलासा किया है कि बोर्ड पीसीबी के बजाय एशिया कप 2023 की मेजबानी करने के लिए तैयार है, और गेंद अब अंतिम फैसला करने के लिए एसीसी के पाले में है। एसएलसी अधिकारी ने यह भी कहा कि वे 'बीसीसीआई के साथ जाएंगे।

## आईसीसी को डब्ल्यूटीसी मुकाबले में स्टेडियम भरा रहने की उम्मीदें

लंदन। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को उम्मीद है कि अगले माह सात जून से लंदन में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) मुकाबले के लिए ओवल मैदान दर्शकों से भरा रहेगा। इस मुकाबले के लिए आईसीसी ने एक 'रिजर्व दिन भी रखा है जिससे मौसम खराब होने पर खेल को इस इस दिन कराया जा सके। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा, ''हम स्थानीय आयोजन समिति (ईसीबी) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं जिससे यह पक्का किया जा सके कि यह दर्शकों के लिये शानदार मुकाबला रहे। हमें कम से कम पहले चार दिन तक पूरी तरह से स्टेडियम भरे होने की उम्मीद है। अब तक हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें एक दूसरे के सामने होंगी जिससे दर्शकों में इस मुकाबले को लेकर काफी ज्यादा उत्साह है। यह शानदार मुकाबला होगा। खान ने कहा, ''हम उम्मीद कर रहे हैं कि मौसम साफ रहे और बारिश न हो जिससे हमें सभी पांच दिन में अच्छा क्रिकेट देखने को मिले, हालांकि हमने बारिश के खतरे को देखते हुए भरपायी के लिए एक 'रिजर्व दिन रखा है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि डब्ल्यूटीसी के वर्तमान तरीके में कोई बदलाव नहीं होगा और यह इसी तरह जारी रहेगा।

## कॉनवे ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत करार दिया

अहमदाबाद । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फाइनल मुकाबले में सबसे अधिक रन बनाकर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले डेवोन कॉनवे ने इसे अपने करियर की सबसे बड़ी सफलता बताया है। इस मैच में कॉनवे ने पारी की शुरुआत करते हुए 25 गेंदों में 4 चौके और 2 छक्को की मदद से 47 रन बनाये। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला है। मैच के बाद कॉनवे ने कहा कि यह उनके करियर की सबसे बड़ी जीत है। कॉनवे ने कहा, बारिश के कारण इंतजार करने में लंबा समय था, बहुत नर्वस था पर रुतुराज गायकवाड़ और मैंने योजना बनाई कि हम इसके बारे में कैसे जाएंगे। निजी तौर पर यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। आईपीएल फाइनल, इससे बड़ा कुछ नहीं होता। इसके साथ ही बल्लेबाजी कोच माइक हसी को भी जीत का श्रेय जाता है। उनके साथ होना अच्छा रहा है। बारिश से बाधित मैच में डकवर्थ लुईस नियम के अनुसार चेन्नई के लिए 15 ओवर में 171 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए कॉनवे ने 25 गेंदों में 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 47 रन बनाए, जबकि उनके जोड़ीदार रुतुराज गायकवाड़ ने 16 गेंदों में 3 चौके और 1 छक्के की मदद से 26 रनों की पारी खेली।

# रायुडू को टेस्ट खेलने का अवसर मिलना चाहिये था : उथप्पा

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने अंबाती रायुडू की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसे टेस्ट क्रिकेट खेलने का अवसर मिलना चाहिये था। उथप्पा ने आईपीएल से भी संन्यास की घोषणा कर दी है। उथप्पा ने रायुडू की प्रशंसा करते हुए कहा, वह भारत के अब तक के सबसे अंडररेटेड क्रिकेटरों में से एक है। उसे टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहिए था, मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि उसने खेल नहीं खेला। वह एक खेल का चतुर छात्र, जो खेल को अंदर से जानता है। वह पूर्ण टीम मैन टीम है जो लिए कुछ भी करेगा। हर टीम उसे पसंद करेगी। मैंने उसे अपने जूनियर दिनों की उम्र से देखा है। वह जूनियर क्रिकेट के माध्यम से क्रिकेट पर हावी थे। उनका संन्यास मेरे लिए निराशाजनक है। रायडू ने भारत के लिए 55 एकदिवसीय मैच खेले और 3 शतक लगाए, और 6 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच भी खेले, जबकि उन्होंने 203 इंडियन प्रीमियर लीग मैच खेले। रायुडू ने आईपीएल में एक शतक सहित 4329 रन बनाए हैं। इस क्रिकेटर ने पहले मुम्बई इंडियंस और फिर सीएसके की ओर से खेला है।




## धैर्यपूण रवैये के कारण बड़ी पारी खेल पाया : सुदर्शन

अहमदाबाद । गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने कहा है कि धैर्य से खेलने के कारण ही आईपीए फाइनल में वह चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ 47 गेंदों में 96 रनों की पारी खेल पाये थे। सुदर्शन ने कहा कि मानसिक मजबूती से भी उन्हें लाभ मिला। सुदर्शन ने इस मेच में आठ चौकों और छह छक्कों की सहायता से 96 रन बनाए। सुदर्शन ने मैच के बाद कहा, ''मैंने पिछले मैच में बहुत अधिक दबाव महसूस किया थे। तब मुझे इस बात का अहसास हुआ कि अधिक धैर्य से कहीं बेहतर बल्लेबाजी की जा सकती है और मुझमें बहुत बेहतर करने की क्षमता है। मैं इस मैच में कहीं अधिक धैर्य के साथ खेला। सुदर्शन ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ क्वालीफायर दो में 43 रन के स्कोर पर रिटायर्ड आउट होना 'व्यक्तिगत रूप से चिंताजनक था पर उन्हें पता था कि यह टीम का फैसला था। उन्होंने कहा, ''निजी तौर पर यह निश्चित रूप से चिंताजनक था लेकिन यह टीम का फैसला था और जिस तरह से तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर के बाद हमारे बल्लेबाज बल्लेबाजी कर रहे थे, वे इस सत्र में आक्रामक रहे हैं। मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से टीम का फैसला था। यह निश्चित तौर पर टीम के हित में था और मैं शत प्रतिशत इसके साथ हूं।



# खिलाड़ियों को बचाने खेल संगठन स्वतंत्र सुरक्षा उपाय करें : बिंद्रा

### -पहलवानों से हुए व्यवहार से दुखी होकर सो नहीं पाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने पहलवानों के खिलाफ दिल्ली पुलिस की दमनकारी कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि ये बेहद दुखद है। बिंद्रा ने कहा कि जिस प्रकार पहलवानों से व्यवहार किया गया उसे देखकर वह रात भर सो नहीं पाये। उन्होंने साथ ही कहा कि विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के दौरान पुलिस द्वारा धक्का-मुक्की को रोकने के लिए खेल संगठनों को स्वतंत्र रुप से सुरक्षा उपाय करने चाहिये। दिल्ली पुलिस ने रविवार को जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पदक विजेता पहलवानों के साथ धक्का-मुक्की की थी और उन्हें हिरासत में ले लिया था। इस दौरान पुलिस ने जंतर मंतर पर उनके धरना स्थल पर लगे टेंट को भी हटा दिया था।

इस दौरान पुलिस ने बजरंग पुनिया व साक्षी मलिक और एशियाई व राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता विनेश फोगाट और उनकी बहन संगीता फोगाट से भी धक्का-मुक्की कर उन्हें घसीटकर बस में डाला था। इसके बाद उन्हें दिल्ली के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में ले जाया गया और देर रात तक वहीं रखने के बाद छोड़ा गया। बिंद्रा ने कहा, पिछली रात नींद नहीं आई, मेरे साथी पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस के बल प्रयोग की बर्बर तस्वीरों से परेशान था। यह सही समय है कि हम सभी खेल संगठनों में स्वतंत्र सुरक्षा उपाय स्थापित करें। बिंद्रा ने कहा, हमें यह तय करना चाहिए कि यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो उनसे अत्यंत संवेदनशीलता और सम्मान के साथ निपटा जाए। प्रत्येक एथलीट एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण का अधिकारी है।

गौरतलब है कि महिला पहलवान साक्षी मलिक, जिन पर कथित तौर पर दंगा करने और सार्वजनिक सेवक को ड्यूटी के निर्वहन में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है, ने सोमवार को विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया के साथ नए संसद भवन की ओर मार्च करते हुए अपने और साथी पहलवानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने पर निराशा जताई। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, दिल्ली पुलिस को लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने वाले बृजभूषण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में 7 दिन लग गए और शांतिपूर्वक विरोध करने वाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में 7 घंटे भी नहीं लगे। स प्रकार से खिलाड़ियों पर हो रहे अत्याचार को पूरा विश्व देख रहा है।



# अवैध बांधकामों को बढ़ावा दे रही है सूरत महानगर पालिका




## साउथ जोन उधना के अधिकारीयों द्वारा अवैध निर्माण का डिमोलिशन करने के बाद भी भूमाफियाओं द्वारा फिर से अवैध निर्माण और भी तेजी से किया जा रहा है

**सूरत भूमि, सूरत। सूरत महानगर पालिका के जवाबदार अधिकारियों द्वारा बड़े-बड़े बांधकामों का हवाला लेकर अवैध निर्माण को बनाने में भू माफियाओं का मदद कर रहे हैं सूरत म्युनिसिपल कमिश्नर, अगर इन अधिकारियों पर लगाम नहीं लगाई तो सूरत एक दिन अवैध निर्माण या फिर यूं कहें कंक्रीट का जंगल बनकर रह जाएगा।**

# बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के दिव्य दरबार में कांग्रेस नेता लगाएंगे मेडिकल कैम्प



**राजकोट।** बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को लेकर कांग्रेस बंटी हुई नजर आ रही है। कांग्रेस के कई नेता धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को पाखंडी बता रहे हैं, तो कुछ उनकी सेवा के लिए तैयार हैं। आगामी 1 और 2 जून को राजकोट के रेसकोर्ष मैदान में धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का दिव्य दरबार लगने वाला है और कांग्रेस नेता डॉ. हेमांग वसावडा ने वहां मेडिकल कैम्प लगाने का फैसला किया है। ताकि दिव्य दरबार में आनेवालों को चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाएंगे। डॉ. हेमांग वसावडा का कहना है कि कांग्रेस और दरबार में मेडिकल सेवा से कोई लेना देना नहीं है और ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर राजनीति नहीं करनी चाहिए। सूरत के बाद अहमदाबाद में दिव्य दरबार लगाने के बाद अब धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का राजकोट में कार्यक्रम है। राजकोट में मुंबई के कारीगरों ने धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का राजस्थानी महल की थीम पर खास मंच तैयार किया है। आयोजिक योगीन छनियारा ने कहा कि सूरत के कार्यक्रम को देखते हुए राजकोट में होनेवाले दिव्य दरबार में सवा लाख से भी अधिक लोगों के आने की संभावना है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोई रजिस्ट्रेशन या टोकन सिस्टम नहीं है। दिव्य दरबार में कोई भी आ सकता है।

# वार्षिक साधारण सभा का हुआ आयोजन

**सूरत।**
चूरु नागरिक परिषद की दसवीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन रविवार को शाम छ बजे से भटार स्थित रेस्टोरेंट में किया गया । सभा में गत वर्ष के कार्यों एवं वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया । इसके पश्चात सभा में परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसहमति से किया गया । जिसमें कैलाश सिंघानिया को अध्यक्ष, ऋषिकेश मटोलिया को मंत्री एवं सतीश मुरारका को कोषाध्यक्ष बनाया गया । कार्यकारिणी में कुल ग्यारह सदस्यों को लिया गया है । इस मौके पर सभी ने एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी । इस मौके पर सभी सदस्यों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी ।

# प्रेम संबंध के लिए बेटी ने जन्म देनेवाली माता को मार डाला, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जूनागढ़।**
जूनागढ़ में प्रेम संबंध के लिए एक बेटी ने जन्म देनेवाली अपनी माता को ही मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू की है। यह घटना 26 और 2। की दरम्यानी रात के दौरान हुई। जूनागढ़ के निकट ईवनगर गांव निवासी गोविंदभाई बामणिया ने जूनागढ़ तहसील पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि 26 और 2। की दरम्यानी रात्रि के दौरान उनकी पत्नी दक्षा बामणिया की किसी अज्ञात शख्स ने हत्या कर दी है। एफआईआर दर्ज होते ही हरकत में आई पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घर पर लगे सीसीटीवी कैमरा भी लगा था, घटना के वक्त उसे बंद कर जाने की वजह से पुलिस को उसमें कुछ नहीं मिला। जिसे लेकर पुलिस को मृतक की बेटी मीनाक्षी पर हुआ तो उससे पूछताछ की। शुरुआती पूछताछ में मीनाक्षी को गुमराह करती रही। लेकिन पुलिस के सख्ती करने पर मीनाक्षी टूट गई और कबूल कर लिया कि उसने ही अपनी माता की हत्या कर दी। मीनाक्षी ने बताया कि वह एक युवक से प्यार करती है और इस बारे में उसकी माता का पता चल गया था। माता उसे प्रेमी से मिलने को रोकती थी। घटना की रात प्रेमी उसके घर आनेवाला था, इसलिए उसने घर में लगा सीसीटीवी कैमरा बंद कर दिया था। अपनी माता के भोजन में नशीली गोलियां डाल दी थीं, ताकि वह बेहोश हो गए। लेकिन गोलियों का कोई असर नहीं हुआ और जाग गई। जिसके बाद मां-बेटी के बीच झगड़ा हुआ और उसी दौरान उसने लोहे के औजार से अपनी माता पर 1। प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस खुलासे के बाद पुलिस ने मीनाक्षी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू की है।

# गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व उप मुख्यमंत्री को भाजपा ने सौंपी मुख्य जिम्मेदारी



**अहमदाबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा हरकत में आ गई है। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्ववाली एनडीए सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने देशभर में विशेष जन संपर्क अभियान शुरू किया है। 'नौ साल, बेमिसाल' के साथ शुरू किए गए अभियान के तहत सरकार की उपलब्धियां जन जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा ने देशभर में 300 से अधिक नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और पूर्व उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल को भी भाजपा ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर प्रत्येक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में विशेष जन संपर्क अभियान आज से शुरू होकर आगामी 30 जून तक चलेगा। भाजपा ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को दिल्ली की तीन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें दिल्ली की चांदनी चौक, दिल्ली नोर्थ वेस्ट और दिल्ली सेंट्रल समेत 3 लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। जबक पूर्व मुख्यमंत्री नितिन पटेल को उत्तराखंड की टिहरी गढ़वाल, हरिद्वार, गढ़वाल के अलावा उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की जिम्मेदारी भाजपा ने सौंपी है। इसके अलावा गुजरात भाजपा के पूर्व प्रमुख और पूर्व कैबिनेट मंत्री जीतु वाघाणी, कच्छ के सांसद व गुजरात भाजपा के महामंत्री विनोद चावडा, भावनगर की सांसद और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीबेन शियाल को अलग अलग राज्यों के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा के आज से शुरू हुए विशेष अभियान के दौरान सभी जिला मुख्यालयों से बूथ तक खास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मोदी सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। देशभर में भाजपा के वरिष्ठ नेता 51 रैलियां करेंगे। 396 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जनसभा की जाएंगी। जिसमें केन्द्रीय मंत्री या पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसी के साथ देशभर में एक लाख विशेष परिवारों के साथ संपर्क किया जाएगा। इस प्रकार प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 250 परिवारों से संपर्क किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जून को श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए 10 लाख बूथ पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। 20 से 30 जून के दौरान डोर टू डोर संपर्क अभियान भी चलाया जाएगा और मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियों से लोगों अवगत कराया जाएगा। साथ ही प्रचार सामग्री का भी वितरण किया जाएगा।

# ग्लोबल पाटीदार बिजनेस समिट( जीपीबीएस ) - 2024 ( 7/8/9/10 - जनवरी - 2024 - राजकोट )




**राजकोट ।**
सरदारधाम पब्लिक ट्रस्ट के तहत पंजीकृत एक पंजीकृत संगठन है और संविधान के उद्देश्यों के अनुरूप सरदारधाम युवाओं के शैक्षिक और आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने के साथ कार्य करता है।

मिशन और विजन के तहत सरदार धाम ने पांच प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

(1) बिल्डिंग प्रोजेक्ट
(2)जीपीएससी/यूपीएससी/रक्षा/न्यायपालिका सिविल सेवा केंद्र
(3) ग्लोबल पाटीदार बिजनेस समिट (जीपीबीएस) 2018-20-22-24-26
(4) वैश्विक पाटीदार व्यापार संगठन (GPBO)
(5) युवा तेज-तेजस्विनी संघ

सरदारधाम मिशन 2026 के तहत, राज्य सरकार के वाइब्रेंट गुजरात समकक्ष, सरदारधाम में हर 2 साल में एक व्यापार शिखर सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। 2018 में महात्मा मंदिर, गांधीनगर में और 2020 में हेलीपैड प्रदर्शनी मैदान, गांधीनगर में आयोजित व्यापार शिखर सम्मेलन, इन दोनों शिखर सम्मेलनों को एक शानदार सफलता मिली है। बिजनेस समिट-2022 का आयोजन सरसाना इंटरनेशनल एक्जीबिशन कन्वेंशन सेंटर, सूरत में किया गया। GPBS-2024 का आयोजन सौराष्ट्र की राजधानी राजकोट में किया गया था। 7, 8, 9, 10 जनवरी 2024 को होगा।

GPBS-24 के लक्षण
1100 से अधिक व्यावसायिक श्रेणियों के प्रदर्शनी स्टॉल
30 देशों से 1000 से अधिक वास्तविक अंतरराष्ट्रीय ब्यूरो की उपस्थिति
प्रदर्शनियों का आयोजन - ग्लोबल समिट के तहत बिजनेस सेमिनार और बी2बी बैठकें
महिला उद्यमियों/कृषि/डेयरी क्षेत्र/GPBO के सदस्यों के लिए प्रदर्शनी स्टॉल बुकिंग में विशेष छूट पूरे देश से लगभग 10 लाख लोगों की उपस्थिति
जीवन के सभी क्षेत्रों के उद्यमियों के लिए प्रायोजन/स्टाल बुकिंग का अवसर
केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न इकाइयों की भागीदारी

जीपीबीएस-24 को बढ़ावा देने के लिए देश विदेश में विभिन्न स्थानों पर 50 से अधिक प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे दिनांक 28-5-2023 को सरदारधाम अहमदाबाद में प्रचार कार्यक्रम-10 का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री मनसुखभाई मंडाविया अध्यक्षता करेंगे तथा उद्घाटन समारोह के रूप में कैबिनेट मंत्री श्री ऋषिकेशभाई पटेल एवं कैबिनेट मंत्री श्री बलवंत सिंह राजपूत उपस्थित रहेंगे।

# NFO: आईटीआई म्युचुअल फंड ने लॉन्च किया आईटीआई फोकस्ड इक्विटी फंड

**मुंबई ।** आईटीआई म्यूचुअल फंड ने अप्रैल 2019 में अपना ऑपरेशन (परिचालन) शुरू किया था और निवेशकों के लिए बाजार में 17 मुख्यधारा के म्यूचुअल फंड प्रोडक्ट लॉन्च किए हैं। एसेट मैनेजमेंट कंपनी यानी AMC एक बड़े कन्जर्वेटिव कैश-रिच बिजनेस ग्रुप द्वारा समर्थित है। इतने कम समय में, ग्रुप ने यह सुनिश्चित किया है कि निवेशकों के लिए एक आसान लॉन्ग् टर्म (दीर्घकालिक) निवेश का अनुभव बनाने के लिए AMC के भीतर गवर्नेंस, लोग, प्रक्रियाएं और इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छी तरह से स्थापित हो। फंड हाउस 22 मई, 2023 तक 4,011 करोड़ रुपये के एसेट को मैनेज कर रहा है। कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट यानी रूमें से इक्विटी AUM की हिस्सेदारी 3,285 करोड़ रुपये, जबकि हाइब्रिड और डेट स्कीम की हिस्सेदारी 432 करोड़ रुपये और 295 करोड़ रुपये है। AUM का जियोग्राफिकल विस्तार टॉप 5 शहरों में 46.10%, उसके बाद के 10 शहरों में 21.99%, उसके बाद के 20 शहरों में 15.01% और अगले 75 शहरों में 12.68% और अन्य में 4.22त्न की हिस्सेदारी के साथ डाइवर्सिफाइड है।

आईटीआई म्यूचुअल फंड ने एक एनएफओ (NFO)- आईटीआई फोकस्ड इक्विटी फंड (ITI Focused Equity Fund) के लॉन्च की घोषणा की है। यह NFO आज यानी 29 मई 2023 को खुलेगा और 12 जून 2023 तक इसमें निवेश (सब्सक्रिप्शन) किया जा सकता है। आईटीआई फोकस्ड इक्विटी फंड अलग अलग मार्केट कैपिटलाइजेशन वाली 30 कंपनियों में निवेश करने वाला एक अत्यधिक केंद्रित पोर्टफोलियो( कॉन्स न्ट्रेस्टेड पोर्टफोलियो) है। इस न्यूद फंड ऑफर में कम से कम 5000 रुपये से और इसके बाद 1 रुपये के मल्टी्पल में कितना भी निवेश कर सकते हैं। फंड का प्रबंधन धीमंत शाह और रोहन कोर्डे द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। आईटीआई फोकस्ड इक्विटी फंड को निफ्टी 500 टोटल रिटर्न इंडेक्स के खिलाफ बेंचमार्क किया जाएगा। फंड मुख्य रूप से अलग अलग मार्केट कैपिटलाइजेशन वाली 30 कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित सिक्योमरिटीज में निवेश करेगा। NFO उन निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प है जो लंबी अवधि में निवेश के जरिए अपनी दौलत बढ़ाना चाहते हैं।

# शिंगल्स को लेकर जागरूकता और बचाव के लिए जीएसके ने अमिताभ बच्चन से मिलाया हाथ




जीएसके ने शिंगल्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिष्ठित अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ गठजोड़ का एलान किया है। शिंगल्स एक दर्दभरी बीमारी है, जिससे 50 साल से अधिक उम्र का हर तीसरा वयस्क पीड़ित है।

कैंपेन फिल्म में शिंगल्स के कारण होने वाले बेतहाशा दर्द और जीवन पर इसके कारण पड़ने वाले दुष्प्रभाव को दर्शाया गया है। इस कैंपेन फिल्म में यह महत्वपूर्ण संदेश दिया गया है कि टीकाकरण के माध्यम से बुजुर्गों को इस दर्दभरी बीमारी से बचाना संभव हो सकता है।

इस साझेदारी को लेकर अमिताभ बच्चन ने कहा, 'शिंगल्स बहुत दर्दभरी बीमारी है और इसके कारण वरिष्ठ नागरिकों का जीवन ठहर जाता है। शिंगल्स से बचाव के लिए वरिष्ठ नागरिकों को समय रहते अपने डॉक्टर से बात करनी चाहिए, जो उन्हें बचाव का संभावित तरीका बता सकते हैं।'

शिंगल्स उसी वायरस के कारण होता है, जिससे चिकनपॉक्स होता है। चिकनपॉक्स ठीक होने के बाद भी यह वायरस शरीर में निष्क्रिय रूप से पड़ा रहता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ने के साथ शरीर की इम्युनिटी कमजोर होने लगती है, यह वायरस फिर सक्रिय होता है और शिंगल्स का कारण बनता है। 50 साल से ज्यादा उम्र के 90 प्रतिशत से ज्यादा भारतीयों के शरीर में यह वायरस है और उनमें शिंगल्स होने का खतरा है।

जीएसके की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रश्मि हेगड़े ने कहा, 'अमिताभ बच्चने पहले भी कई बीमारियों के प्रति जागरूकता लाने और टीकाकरण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के अभियानों का चेहरा रह चुके हैं और उनके समर्थन से लोगों को उन बीमारियों से बचाव के जरूरी कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद मिली है। वर्तमान समय में भारत में बुजुर्गों की आबादी बढ़ रही है और हमें उन्हें शिंगल्स जैसी बीमारी के प्रति जागरूक करना होगा, क्योंकि यह बीमारी उनके जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है। हमें विश्वास है कि इस कैंपेन से ज्यादा से ज्यादा लोग स्वयं को और अपने प्रियजनों को शिंगल्स से बचाने के लिए अपने डॉक्टर से बात करने के लिए प्रोत्साहित होंगे।'

इस फिल्म की अवधारणा लोव लिंटास ने तैयार की है। इसके क्रिएटिव का फोकस तस्वीरों और प्रतीकों के माध्यम से उस दर्द की गहराई को दर्शाना है, जिसका सामना शिंगल्स के कारण करना पड़ता है। इसमें दर्द को मरीजों से हुई बातचीत के आधार पर तैयार वैज्ञानिक दस्तावेज के माध्यम से दर्शाया गया है।

# हायर इंडिया ने किनौची 5-स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स के साथ स्थापित किया बेंचमार्क




होम अप्लायन्सेजा के ग्लोबल लीडर और लगातार 14 सालों से प्रमुख अप्लायन्सेजा के लिए दुनिया के नंबर 1 ब्राण्ड हायर अप्लायन्सेजा इंडिया (हायर इंडिया) ने अपने 5-स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स हायर किनौची के शानदार परफोर्मेन्स एवं उपलब्धियों की घोषणा की है। 'बेस्ट इनोवेटिव ऑफ द ईयर' के रूप में सम्मानित ये एयर कंडीशनर्स कमरे को 20 गुना तेजी से ठण्डा करते हैं, और 60 डिग्री तक के चरम तापमान में भी बेहतरीन कूलिंग देते हैं।

इस उपलब्धि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री सतीश एनएस, प्रेजीडेन्ट, हायर इंडिया ने कहा, ''हायर में हम आधुनिक अनुसंधान, नई तकनीकों और प्रभावी निर्माण क्षमताओं के साथ सेगमेन्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट्स लेकर आते हैं। पिछले दो दशकों में हमने भारतीय बाजाार में अपने आप को मजबूती से स्थापित कर लिया है। हमें गर्व है कि हमारे किनौची 5-स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स को 'बेस्ट इनोवेटिव प्रोडक्ट ऑफ द ईयर' का खिताब मिला है। इस तरह की उपलब्धियां सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट्स लाने की हायर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो देश के उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए तत्पर है। हमें खुशी है कि हम भारत में सकारात्मक बदलाव लेकर आए हैं और विश्वास है कि अपने उपभोक्ताओं के सहयोग से आने वाले समय में भी उनके लिए शानदार प्रोडक्ट्स लाते रहेंगे।''

'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर इंडिया' के दृष्टिकोण के साथ हायर आधुनिक, उर्जा प्रभावी, टिकाउ एवं सहज प्रोडक्ट्स के साथ भारत में अपनी प्रोडक्ट रेंज का विस्तार कर रहा है। उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को देखते हुए ब्राण्ड ने गर्मियों के इस सीजान 1 मिलियन से अधिक फ्रॉस्ट सेल्फ-क्लीन एयर कंडीशनर्स बनाए हैं, जो उर्जा की बचत के साथ-साथ सेल्फ-क्लीनिंग की सुविधा भी देते हैं।

भारतीय परिवारों को आसामदायक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हायर किनौची हैवी-ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर सीरीजा में इनोवेशन, डिजााइन एवं उर्जा प्रभाविता का बेहतरीन संयोजन पेशा करता है। ये एयर कंडीशनर इस तरह से डिजााइन किए गए हैं कि ये सेल्फ-क्लीनिंग, एंटी-बैक्टीरियल फिल्टर 10 सैकण्ड सुपरसोनिक कूलिंग और इंटेली कन्वर्टिबल 7 इन 1 जैसे फीचर्स के साथ ताजाा एवं साफ हवा का अनुभव प्रदान करते हैं। ट्रिपल इन्वर्टर प्लस टेक्नोलॉजी से लैस ये एयर कंडीशनर्स 65 फीसदी तक उर्जा की बचत भी करते हैं। यह आधुनिक तकनीक बिना किसी बाधा के स्प्लिट एयर कंडीशनर के इवापोरेटर को साफ कर देती है। एक बटन क्लिक करते ही यह काम आसानी से हो जाता है और उपभोक्ता लक्जारी कूलिंग का अनुभव पा सकते हैं। पेटेंटेड इन्वर्स-बैलेंस क्लीनिंग टेक्नोलॉजी के साथ हायर के एसी खुद अपने आप को साफ करते हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादक: संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोन: 0261-2274271, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )